दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली। शुक्रवार 21 नवम्बर - 2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 333 पेज - 08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# नीतीश ने ली सीएम पद की शपथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई

## नीतीश कुशल और अनुभवी प्रशासक : पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी। पीएम मोदी ने नीतीश कुमार की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे एक कुशल और अनुभवी प्रशासक हैं। राज्य में सुशासन का उनका शानदार ट्रैक रिकॉर्ड रहा है।

**पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर एक के बाद एक किए कई पोस्ट :** इसके अलावा उन्होंने सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को डिप्टी सीएम की शपथ लेने पर बधाई दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक के बाद एक कई पोस्ट किए।

पीएम मोदी ने कार्यक्रम की फोटो शेयर शेयर करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ह्लनीतीश कुमार को बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बहुत-बहुत बधाई। वे एक कुशल और अनुभवी प्रशासक हैं। राज्य में सुशासन का उनका शानदार ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। नए कार्यकाल के लिए उन्हें मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।ह्व

उन्होंने दूसरे पोस्ट में लिखा, सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को बिहार के उप मुख्यमंत्री बनने पर ढेरों बधाई। जमीनी स्तर पर दोनों नेताओं के पास जनसेवा का लंबा अनुभव है। उन्हें भी मेरी बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

पीएम मोदी ने बिहार सरकार में मंत्रियों के रूप में शपथ लेने वाले सभी नेताओं को भी दी बधाई

पीएम मोदी ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, ह्लबिहार सरकार में मंत्रियों के रूप में शपथ लेने वाले सभी साथियों को मेरी हार्दिक बधाई। समर्पित नेताओं की यह एक ऐसी शानदार टीम है, जो बिहार को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। उन सभी को मेरी ढेरों शुभकामनाएं।ह्व

**नीतीश कुमार ने 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर ली शपथ :** नीतीश कुमार ने गुरुवार को 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। पटना के गांधी मैदान में आयोजित समारोह में उन्हें राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा भाजपा और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए।

इसके अलावा, शपथ लेने वाले मंत्रियों में विजय कुमार चौधरी, विजेंद्र कुमार यादव, श्रवण कुमार, मंगल पांडे, दिलीप जायसवाल, अशोक चौधरी, लेशी सिंह, मदन सहनी, नितिन नबीन,

विस्तृत खबर, पृष्ठ 2

# एलपीजी कैप्सूल में लगी भीषण आग, टीलामोड में बड़ा हादसा टला

## दमकलकर्मियों की तत्परता से 30 मिनट में आग पर पाया गया काबू

### - कई किलोमीटर तक दिख सकती थीं लपटें, आसपास खड़े दर्जनों गैस ट्रकों से बढ़ सकता था खतरा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गुरुवार को टीलामोड़ थानाक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इलाके में एक बड़ा अग्निकांड होते-होते टल गया। एलपीजी कैप्सूल (टैंकर) में अचानक लगी आग ने कुछ ही मिनटों में भीषण रूप ले लिया, लेकिन दमकल विभाग की तेज कार्रवाई ने स्थिति को नियंत्रण में कर दिया। यदि आग फैल जाती, तो वहां खड़े गैस से भरे दर्जनों ट्रकों की वजह से धमाका कई किलोमीटर तक विनाश मचा सकता था।

गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे साहिबाबाद फायर स्टेशन को सूचना मिली कि तीन मोड़ क्षेत्र में एक एलपीजी कैप्सूल में मरम्मत के दौरान आग लग गई है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग ने बिना देर किए दो फायर टेंडर मौके पर रवाना कर दिए। घटनास्थल पर पहुंचते ही यह स्पष्ट हुआ कि जिस कैप्सूल में आग लगी है, उसके आसपास भारी मात्रा में भरे और खाली गैस ट्रक खड़े हुए थे, जिससे स्थिति बेहद गंभीर हो सकती थी।

दमकल कर्मियों ने सूझबूझ दिखाते हुए सबसे पहले आग को आगे फैलने से रोकने की रणनीति अपनाई। फायर टीम ने करीब 30 मिनट में स्थिति पर पूरी तरह काबू पा लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली कि कोई बड़ी दुर्घटना होने से बच गई।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद राहुल पाल ने बताया कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि आग तेजी से फैल रही थी, लेकिन समय रहते की गई कार्रवाई से बड़ा विस्फोट और भारी नुकसान टल गया।



### अगर आग फैलती तो मच सकती थी तबाही



करंट क्राइम : टीलामोड़ क्षेत्र में सड़क के किनारे बड़ी संख्या में एलपीजी कैप्सूल और गैस से भरे ट्रक खड़े रहते हैं। गुरुवार को हादसे के समय भी कई भारी-भरकम गैस टैंकर मौजूद थे। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि आग एक-दो मिनट और फैलकर किसी अन्य कैप्सूल तक पहुंच जाती, तो कई किलोमीटर तक धमाके की आवाज सुनाई दे सकती थी, वहीं आसपास की बस्तियों और बाजारों में बड़ा नुकसान हो सकता था। आग को काबू करने में कई घंटे लग जाते, जिससे जनहानि और आर्थिक हानि दोनों की आशंका बेहद अधिक थी। उनका कहना है कि दमकल विभाग की तत्परता और तेज रेस्पॉन्स ने गाजियाबाद को एक बड़े हादसे से बचा लिया गया है।

### मरम्मत के दौरान भड़की आग, सुरक्षा कर्मियों ने की शुरूआती कोशिश

करंट क्राइम :प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गैस प्लांट के ठीक पास स्थित कैप्सूल में मरम्मत कार्य चल रहा था। इसी दौरान स्पार्क के चलते आग भड़क गई। कुछ ही सेकंड में लपटों ने टैंकर के निचले हिस्से को घेर लिया। शुरूआत में प्लांट के सुरक्षाकर्मियों और स्थानीय लोगों ने बुझाने की कोशिश की, लेकिन स्थिति नियंत्रण से बाहर होती जा रही थी। तभी दमकल टीम मौके पर पहुंची और पूरी प्रक्रिया को सुरक्षित तरीके से संभाला।



# नगर निगम वार्ड चुनावों की गली-मोहल्लों में शुरू हो गई है गुपचुप तैयारी पंचायत वाले तो आ गये होर्डिंग पर और अब वार्ड वालों की है बारी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वर्ष 2025 खत्म होने की ओर बढ़ रहा है और वर्ष 2026 चुनावी वर्ष माना जा रहा है। वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं और इसी के साथ नगर निगम चुनाव भी आ जायेगा। पंचायत चुनाव की बात करें तो इसके दावेदार सामने आ गये हैं। क्षेत्र में बधाई वाले होर्डिंग के साथ पंचायत चुनाव के दावेदार दिखाई दे रहे हैं। सियासी दलों की बात करें तो यहां भाजपा समर्थित दावेदार दिख रहे हैं। सिम्बल तो पंचायत चुनाव में मिलेगा नहीं लेकिन समर्थन वाला सीन हो सकता है। देहात के बाद अब बारी शहर के उन इलाकों की है जो नगर निगम की सीमा में आते हैं। नगर निगम की सीमा में छोटे बड़े 100 वार्ड आते हैं। इन्हें तीन श्रेणियों में बांटा जा सकता है, जिनमें नदियापार का इलाका अहम है और यहां लगभग उतने ही वार्ड आते हैं जितने नदिया के इस पार आते हैं। लाइन पार का इलाका है जो विजयनगर का क्षेत्र माना जाता है और इसके अलावा लाइन के इस पार यानी शहर और मुरादनगर विधानसभा का वो क्षेत्र आता है जो नगर निगम की सीमा में आता है। सियासी माहौल बता रहा है कि नगर निगम चुनावों की तैयारी गुपचुप तरीके से शुरू हो गयी है। अभी चुनाव दूर हैं लेकिन चुनाव लड़ने वाले चेहरे उत्साह से भरपूर हैं। यहां पर दावेदारी का सबसे बड़ा सैलाब भाजपा की ओर से आ रहा है। एक वार्ड में भाजपा का सिटिंग पार्षद है और उस सिटिंग पार्षद की झंडी उड़ाकर अपना झंडा गाड़ने के लिए भाजपा के ही दस दावेदार तैयार बैठे हैं। वार्ड में नमस्तों का सिलसिला बढ़ गया है। हालाकि अभी ये दावेदार उतना खुलकर सामने नहीं आ रहे हैंलेकिन वो अपने हिसाब से मौहल्ले की नब्ज टटोलने की जरूर कोशिश कर रहे हैं। वो ये जानना चाहते हैं कि अगर टिकट नहीं मिला तो फिर मेरे साथ कितने लोग रहेंगे। निगम चुनावों की तैयारी की बात करें तो यहां दावेदारों का मेला भाजपा में है और बैकअप प्लान में अगर कोई पार्टी चल रही है तो वो बसपा है। ये बात हाथी वाले दल के नेताओं को बुरी लग सकती है लेकिन ये सत्य है कि भाजपा के दावेदार ही यहां बसपा को बैकअप ऑपशन के रूप में लेकर चल रहे हैं। वो ये मानकर चल रहे हैं कि अगर पार्टी ने टिकट नहीं दिया तो फिर बसपा से लड़ेंगे। और बसपा से कौन लड़ेगा इसके चेहरे मौहल्लों में तो कहीं नजर नहीं आ रहे। वहीं यहां पर कांग्रेस भी स्लो पोजिशन में है। उसके दावेदारों का अभी कोई फलो नहीं है। लेकिन ये तय है कि चुनाव के वक्त कांग्रेस के पास इतने कार्यकर्ता आ जाते हैं कि वो अपने उम्मीदवार उतार सकती है। भाजपा के बाद दूसरा भौकाल सपा का है । सपा के पास दावेदार भी हैं और कुछ इलाकों में मजबूत स्थिति में भी आ सकती है। लेकिन ये सब उसके दावेदारों की चुनावी तैयारी पर निर्भर करता है।

### नीला हाथी बना है चुनावी टूरिज्म का साथी



करंट क्राइम। बात निगम चुनावों की हो रही है और यहां कहा जाता है कि भाजपा के दावेदार नीले हाथी को बैकअप प्लान के रूप में लेकर चलते हैं। अगर आंकड़ों पर निगाह दौड़ायें तो ये बात काफी हद तक सही है और वो भी जानते हैं कि हमें कौन सा बसपा में रहा है। चुनाव लड़कर वापस लौट आयेंगे। लोकसभा की बात करें तो भाजपा से नंदकिशोर पुण्डीर बसपा में आये, लोकसभा चुनाव लड़ा और फिर लौट गये। विधानसभा चुनाव में शुक्ला जी भाजपा से नाराज होकर हाथी पर सवार हुए और फिर बसपा के उम्मीदवार हुए चुनाव लड़ा और फिर वापस चले गये। बात गली मौहल्ले और वार्ड की करें तो वार्ड संख्या 9 में विनीत त्यागी की पत्नी रूची त्यागी बागी होकी बसपा की टिकट पर चुनाव लड़ी । अच्छी फाईट में रही, वोट भी लिये और फिर विनीत त्यागी भाजपा में शामिल हो गये। ऐसे बहुत सारे उदाहरण हैं और ये कहा जाता है कि नीला हाथी चुनावी मौसम में चुनावी टूरिज्म का साथी बनता है।

### शुरू हो गया है वोटर लिस्ट पर काम, दावेदार कर रहे हैं मंथन और चिंतन




करंट क्राइम। वार्ड के चुनावों में दावेदारों के सामने हाउस टू हाउस वोट का हिसाब रहता है। जो सियासत के खिलाड़ी हैं उन्हें चेहरों से पता है कि कौन सा चेहरा कौन से दल का मोहरा है। वो अपनी ऊर्जा उन्हीं वोटों पर लगाते हैं जो मिल सकती हैं। भाजपा के ही मौहल्लों में चुनावी तैयारी शुरू हो गयी है। चुनाव लड़नेके दावेदार वोटर लिस्ट पर फोकस कर रहे हैं। केवल एसआईआर पर काम नहीं चल रहा है चुनावी तैयारी परभी काम चल रहा है। हिसाब लगाया जा रहा है यदि पार्टी का टिकट नहीं मिला और बैकअप प्लान में लड़े तो कितने वोटों की जरूरत पड़ेगी। इसके अलावा वार्ड दावेदारों की नजर नये मतदाताओं पर भी है।




### क्रॉसिंग रिपब्लिक में छात्र पर जानलेवा हमला, पिता-पुत्र समेत कई पर केस दर्ज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में छात्र रितेश पर हमला कर हत्या का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रितेश ने होश में आने पर बताया कि एबीईएस कॉलेज के पास देव कुमार ठाकुर, उनके बेटे शोभित ठाकुर और कुछ अन्य लोगों ने उसे रोककर मारपीट की, जिससे वह बेहोश हो गया और उसके सिर व पैर में गंभीर चोटें आईं। पिता विरेंद्र सिंह की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### साइबर सेल मसूरी ने पीड़िता के ठगे गए 19,900 रुपये कराए वापस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के थाना मसूरी स्थित साइबर सेल की टीम ने तत्परता दिखाते हुए ऑनलाइन ठगी के एक मामले में सफलता हासिल की है। पीड़िता से हुई साइबर ठगी में गंवाए गए कुल 19,900 रुपये बैंक से रिकवर कर वापस दिला दिए गए। जानकारी के अनुसार पोर्टल के माध्यम से पीड़िता द्वारा ऑनलाइन फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए साइबर सेल मसूरी की टीम ने तुरंत खाते में गई राशि को होल्ड कराया। लगातार की गई निगरानी और प्रयासों के बाद 20 नवंबर पूरी धनराशि सफलतापूर्वक रिकवर कर पीड़िता को लौटाई गई। राशि वापस मिलने पर पीड़िता ने थाना मसूरी पहुंचकर पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रन फॉर यूनिटी में दिखाई विधायक संजीव शर्मा ने टीआरपी की यूनिटी रही जबरदस्त भीड़ और दिखाई दी उनकी कार्यकर्ता से लेकर जनता से कनैक्टिविटी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर विधानसभा में गुरूवार को रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। दो विधानसभाओं में रन फॉर यूनिटी का पहले ही आयोजन हो चुका है । दैनिक करंट क्राइम ने ये प्रकाशित किया था कि गुरूवार को संजीव शर्मा को ताकत दिखानी है। इससे पहले लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर की विधानसभा लोनी में रन फॉर यूनिटी का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह इस कार्यक्रम के चीफ गेस्ट थे। रन फॉर यूनिटी के बाद जब वो मंच पर आये और माईक संभाला तो उन्होंने लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर को द बेस्ट विधायक बताया। उनकी जमकर प्रशंसा की। मंच पर चीफ गेस्ट ने विधायक को द बेस्ट बताया और मंच के नीचे एक बड़ी भीड़ अपने विधायक के जिन्दाबार के नारे लगा रही थी। ये तस्वीर बता रही थी विधायक अपनी विधानसभा में इस रेस में सफल रहे हैं। इसके बाद मुरादनगर विधानसभा में रन फॉर यूनिटी आयोजित हुई। यहां की सियासत के किंग विधायक अजितपाल त्यागी माने जाते हैं और उनकी विधानसभा में भी भीड़ का जलावा दिखाई दिया और ये लग रहा था कि जिस विधानसभा में ये कार्यक्रम हो रहा है वहां के विधायक अपना मजबूत जनाधार लिये हुए हैं। गुरूवार को शहर विधानसभा में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। शहर का हार्ट कहे जाने वाले नवयुग मार्किट से रन फॉर यूनिटी शुरू हुई। ये यात्रा शहर के प्रमुख बाजारों से होती हुई विजय नगर के प्रतापविहार इलाके में पहुंचकर सम्पन्न हुई। यात्रा के शुरू होने से लेकर विजयनगर में उसके सम्पन्न होने तक यहां शहर विधायक संजीव शर्मा पूरी तरह टीआरपी से सम्पन्न दिखाई दिये। जनता उनके साथ, कार्यकर्ता उनके साथ और एक जबरदस्त भीड़ वो जुटाने में सफल रहे। भीड़ राजनीति में टीआरपी का मानक होती है। यात्रा में केवल लोकसभा सांसद अतुल गर्ग , राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल जैसे जनप्रतिनिधि ही नहीं थे। इस यात्रा में आम जनता के लोग थे। इस यात्रा में आरडब्ल्यूए की टीम थी आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी थे। यात्रा में खेलों से जुड़े खिलाड़ी थे। सिविल डिफेंस की टीमें थीं, यात्रा में भाजपा कार्यकर्ता थे। लीडर और जनता के साथ देवतुल्यों का ये कॉम्बिनेशन ये बताने के लिए काफी था कि शहर विधायक संजीव शर्मा अपनी टीआरपी को बरकरार रखे हुए हैं। वो जनप्रतिनिधि हैं तो उनके साथ केवल पार्टी कार्यकर्ता ही नहीं है वो अपने साथ एक जन सैलाब लिए हुए हैं। ये संजीव शर्मा का व्यवहार है कि लोग उनके एक बुलावे पर इस यात्रा में पहुंचे हैं। संजीव शर्मा रन फॉर यूनिटी में एक बार फिर टीआरपी के नायक बनकर सामने हैं। वो केवल भीड़ के साथ नहीं आये वो अपने समर्थकों के एक सैलाब के साथ इस यात्रा को लेकर निकले। उन्होंने इस रन के जरिये ये साबित कर दिया कि लोग मन से उनके साथ हैं। हालाकि संजीव शर्मा के लिए सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर भीड़ जुटाना कोई बड़ी बात नहीं थी।

वो महानगर अध्यक्ष के रूप में इससे पहले ऐसे कई छोटे बड़े आयोजन सफलतापूर्वक करा चुके हैं। लेकिन बड़ी उपलब्धि इसलिए मानी जायेगी कि एक जनप्रतिनिधि के रूप में एक विधायक के रूप में उन्होंने ये साबित किया कि वो जनता के नेता है और जानते हैं कि सफलता का ट्रैक रिकॉर्ड कैसे पार किया जाता है लोगों को कैसे जोड़ा जाता है।



# नीतीश कुमार ने रिकॉर्ड 10वीं बार ली सीएम पद की शपथ

## बिहार की नई सरकार में भाजपा के 14 मंत्री, दिखा पीएम मोदी का अनोखा अंदाज



**पटना।** बिहार में नीतीश कुमार ने 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। उनके साथ 26 अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। इनमें भाजपा के कोटे से 14 मंत्री, जदयू के कोटे से 9 मंत्रियों को जगह मिली है। वहीं, चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास) को दो मंत्री पद मिले हैं। जीतनराम मांझी की हम पार्टी को एक मंत्री पद और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) को भी एक मंत्री पद मिला है।

### जनादेश कब आया?

बिहार विधानसभा चुनाव की मतगणना 14 नवंबर को हुई थी। इसमें एनडीए को 202 सीटें मिलीं। भाजपा को सबसे ज्यादा 89, जदयू को 85, चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास) को 19, जीतनराम मांझी की हम को 5 और रालोमो को 4 सीटें मिलीं। इसके बाद यह तय हुआ कि पहले से तय फॉमूर्ला के तहत नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बनेंगे। साथ ही सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा उपमुख्यमंत्री बने रहेंगे।

### शपथ ग्रहण में क्या हुआ?

नीतीश कुमार ने रिकॉर्ड 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। साथ ही सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने शपथ ली। इन तीनों समेत कुल 27 नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली।




## पीएम मोदी ने पांच बार झुककर किया अभिवादन, गमछा लहराया

**पटना।** बिहार में आज नीतीश कुमार ने 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित इस समारोह को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के शक्ति प्रदर्शन की तरह भी देखा जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा भाजपा शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे। समारोह के अंत में पीएम मोदी का खास अंदाज भी दिखा। समारोह के दौरान सभी नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना की और बिहार की नई सरकार को शुभकामनाएं दीं।

शपथ ग्रहण समारोह समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अनोखा अंदाज देखने को मिला। सबसे पहले वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का हाथ थामकर मंच के आगे की ओर बढ़े। इसके बाद पीएम मोदी ने पांच बार झुककर जनता का अभिवादन किया। मंच पर मौजूद शपथ लेने वाले सभी मंत्रियों के पास जाकर उन्होंने उनका उत्साहवर्धन किया और फिर जनता की ओर मुड़कर अपना गमछा लहराया। बदले में गांधी मैदान में मौजूद लोगों ने भी अपना अपना गमछा लहराकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। चुनाव प्रचार के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी कई बार ऐसा कर चुके हैं। इतना ही नहीं, विधानसभा चुनाव के आने के बाद जब वे बीजेपी कार्यालय पहुंचे थे, तब भी उन्होंने गमछा लहराकर जनता का अभिनंदन किया था।

**पीएम मोदी ने शपथ लेने वाले सभी मंत्रियों का उत्साहवर्धन किया**

**शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए ये नेता :** शपथ ग्रहण समारोह में देशभर से कई बड़े नेता पटना पहुंचे और अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी मौजूद थे।

## नई एनडीए सरकार में पांच दलित, चार राजपूत-वैश्य और एक मुस्लिम

पटना। बिहार में नई सरकार के गठन के बाद मंत्रिमंडल विस्तार हो गया है। पहले चरण में सीएम नीतीश कुमार के साथ 27 मंत्रियों ने शपथ ली। इसमें भाजपा कोटे से 14 मंत्री जदयू से आठ, लोजपा (राम) से दो, हम और रालोमो से एक-एक को मंत्री बनाया गया है। नीतीश मंत्रिमंडल में एक मुस्लिम मंत्री भी हैं। जदयू कोटे से जमा खान ने मंत्री पद की शपथ ली है। एनडीए गठबंधन ने सीएम नीतीश समेत 27 मंत्रियों की टीम में जातीय समीकरण का भी खूब ख्याल रखा गया है। अगड़ी और पिछड़ी जातियों के समीकरण को संतुलित कर नामों का चयन किया गया है।

नई एनडीए सरकार के मंत्रिमंडल में ओबीसी, ईबीसी, सवर्ण, दलित, वैश्य, मुस्लिम हर वर्ग से नेताओं को शामिल किया गया है। इनमें सबसे अधिक दलित समाज से पांच मंत्री हैं। इसके बाद राजपूत और वैश्य से चार, भूमिहार और ब्राह्मण तीन, कुशवाहा से तीन, कुर्मी से दो, निषाद से दो, यादव से दो ओर कायस्थ जाति से एक को मंत्री बनाया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कुर्मी जाति से आते हैं। वहीं डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी कुशवाहा और विजय सिन्हा भूमिहार जाति से आते हैं।

## सीएम नीतीश की नई टीम में 11 फीसदी आधी आबादी

### नीतीश कैबिनेट में तीन महिलाएं



रमा निषाद, विधायक: औराई | लेशी सिंह, विधायक: धमदाहा | श्रेयसी सिंह, विधायक: जमुई

**पटना।** आज बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की नई सरकार का गठन हो गया। 10वीं बार नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा बने। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, दोनों डिप्टी सीएम समेत 27 मंत्रियों ने शपथ ली। खास बात यह है कि सीएम नीतीश कुमार की नई टीम में तीन महिलाओं ने मंत्री पद की शपथ ली है। यह कुल मंत्रियों की संख्या का 11 प्रतिशत है। इन तीनों के नाम की चर्चा खूब हो रही है। इनमें से दो यानी रमा निषाद और श्रेयसी सिंह ने पहली बार मंत्री पद की शपथ ली है। दोनों भाजपा की विधायक हैं। दोनों राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखती हैं। वहीं जदयू विधायक लेसी सिंह चौथी बार मंत्री बनी हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में...

पूर्णिया की राजनीति में धमदाहा विधानसभा क्षेत्र की जदयू विधायक लेशी सिंह की अहम भूमिका है। एक सामान्य परिवार से निकलकर सत्ता के शीर्ष तक पहुंचने वाली लेशी सिंह ने न केवल अपने राजनीतिक विरोधियों को लगातार पटखनी दी देती आ रही हैं। कटिहार के गौआगाछी गांव में 5 जनवरी 1974 को जन्मी लेशी सिंह की शादी महज 16 वर्ष की उम्र में धमदाहा के सरसी गांव निवासी समता पार्टी के जिलाध्यक्ष मधुसूदन सिंह उर्फ बूटन सिंह से हुई थी।

1995 में पति के चुनाव हारने के बाद बूटन सिंह ने सियासी बागडोर लेशी सिंह के हाथों में सौंप दी। साल 2000 में वह समता पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतने में कामयाब रहीं और सीमांचल की राजनीति में उनकी धमाकेदार एंट्री हुई। 27 फरवरी को मिली जीत का जश्न अभी शुरू ही हुआ था कि 19 अप्रैल 2000 को उनके पति मधुसूदन सिंह उर्फ बूटन की हत्या कर दी गई। पति की हत्या के बाद लेशी सिंह ने हार नहीं मानी।

समता पार्टी की जिलाध्यक्ष और उप सचेतक बनने के बाद 2005 में पार्टी के जदयू में विलय होने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का विश्वास जीता। नवंबर 2005 में हुए मध्यावधि चुनाव में मामूली अंतर से मिली हार के बावजूद, वह क्षेत्र में डटी रहीं। 2010 के चुनाव में उन्होंने 45 हजार से अधिक वोटों के भारी अंतर से जीत दर्ज की। वहीं 2015 के चुनाव 30,000 वोट, 2020 विजयी 33000 वोट से जीत दर्ज की। 2014 में उन्हें पहली बार समाज कल्याण, आपदा प्रबंधन व उद्योग विभाग की मंत्री बनाया गया।

## पूर्व जिला अध्यक्ष कुलदीप ओके पर भी गिरी गाज, पार्टी से निष्कासित



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** 2027 विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बसपा संगठन में में भारी बदलाव जारी है। पश्चिम उत्तर प्रदेश समेत कई क्षेत्रों के प्रभारी रहे शमसुद्दीन राइन को 6 साल के लिए निष्कासित करने के बाद पार्टी अब राइन के करीबियों पर भी गाज गिरा रही है। गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष रहे नरेंद्र मोहित को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

अब पूर्व जिला अध्यक्ष कुलदीप ओके को भी पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। जिला अध्यक्ष मनोज जाटव की ओर से गुरुवार को जारी पत्र में बताया गया है कि पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण पूर्व जिला अध्यक्ष कुलदीप ओके को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। जिला अध्यक्ष मनोज जाटव ने कहा कि कुलदीप ओके पर लगे आरोपों को देखते हुए उन्हें कई बार अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए नोटिस जारी किया गया था। लेकिन वह उन्होंने अपने आचरण में सुधार नहीं लाए। मेरठ मंडल और राष्ट्रीय नेतृत्व की सहमति के बाद कुलदीप ओके को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। वहीं सूत्रों का कहना है कि आने वाले समय में और भी कई नेताओं पर गाज गिर सकती है। पार्टी का कहना है कि ऐसे कार्यकर्ताओं को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा जिन पर अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार जैसे आरोप लगे हुए हैं चाहे वह किसी भी पद में क्यों ना रहे हो। 2027 चुनाव को देखते हुए पार्टी अब सक्रिय कार्यकताओं को ज्यादा तरजीह देगी।

## एक थ्री-स्टार की बढ़ सकती है टेंशन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सिटी जोन के एक कार्यालय में तैनात थ्री-स्टार की टेंशन बढ़ सकती है। बताया जा रहा है उनपर आजकल करप्शन वालों ने अटेंशन चल रही है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चर्चा है कि जल्द ही उनपर एक्शन लिया जा सकता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं कि इस मामले में अधिकारियों के स्तर से जांच शुरू हो गई है। उनपर जो आरोप लगे हैं, उनको करप्शन वालों ने लगभग जांच लिया है। अब गाजियाबाद कमिश्नरेट के अधिकारियों तक फाइल पहुंच सकती है। जिसकी जांच के बाद इस मामले में मुकदमा भी दर्ज होगा। बताया जा रहा है कि यह मुकदमा सिटी जोन के दो थाने जो पुराने एसएसपी ऑफिस वाले सर्किल के अंतर्गत आते हैं, वहां लिखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि यह थ्री- स्टार पहले इसी सर्किल के एक थाने में प्रभारी भी रह चुके हैं। मामला नया है या पुराना इस बात की चर्चा जोरों पर है, कि जल्द ही थ्री- स्टार पर एक्शन लिया जा सकता है।

### भारत का एक और गैंगस्टर गिरफ्तार अमेरिका में पकड़ा गया नोनी राणा

**नई दिल्ली।** मोस्ट वांटेड गैंगस्टर नोनी राणा को अमेरिका में गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, अमेरिकी एजेंसियों ने उसे नियाग्रा बॉर्डर इलाके से उस समय हिरासत में लिया, जब वह अमेरिका से कनाडा भागने की कोशिश कर रहा था। बॉर्डर एरिया की सुरक्षा जांच के दौरान ही उसे दबोच लिया गया। नोनी राणा मूल रूप से हरियाणा का रहने वाला है और कुख्यात गैंगस्टर काला राणा का छोटा भाई बताया जा रहा है। पुलिस और खुफिया एजेंसियां काफी समय से उसकी तलाश में थीं। आगे की कानूनी प्रक्रिया और प्रत्यर्पण को लेकर एजेंसियों की कार्रवाई जारी है।

## सुप्रीम कोर्ट में पुलिस ने दिखाए शरजील के वीडियो

### भड़काऊ भाषणों का आरोप दोहराया, आज फिर सुनवाई

**नई दिल्ली।** 2020 के उत्तर-पूर्व दिल्ली दंगों से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में कुछ वीडियो दिखाए, जिनमें शरजील इमाम को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देते हुए दिख रहा है। पुलिस ने दावा किया कि इन भाषणों से माहौल बिगड़ा और लोगों को उकसाने का काम हुआ। बता दें कि शरजील इमाम पर आरोप है कि उन्होंने सीएए और एनआरसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के दौरान ऐसे भाषण दिए, जिनसे सरकार के मुताबिक कानून-व्यवस्था पर असर पड़ा। जबकि शरजील इमाम इन आरोपों से इनकार करते रहे हैं और उनका कहना है कि उन्होंने शांतिपूर्ण विरोध की बात की थी।

दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि जब बौद्धिक वर्ग के लोग आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होते हैं, तो वे जमीन पर हिंसा करने वालों से भी ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं। पुलिस ने यह टिप्पणी 2020 के उत्तर-पूर्व दिल्ली दंगे मामले में उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य आरोपियों की जमानत याचिकाओं का कड़ा विरोध करते हुए की। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जजों की पीठ को बताया कि ट्रायल में देरी की वजह आरोपी ही हैं, और वे इसी देरी का फायदा उठाकर जमानत चाहते हैं।





इस मामले की सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने कोर्ट से कहा कि देश में एक चिंताजनक रुझान देखने को मिल रहा है- डॉक्टर, इंजीनियर जैसे पेशेवर लोग अपने पेशे से हटकर 'राष्ट्रविरोधी गतिविधियों' में शामिल हो रहे हैं। पुलिस ने इसे एक उभरती हुई समस्या बताते हुए कहा कि ऐसे मामलों को गंभीरता से देखने की जरूरत है।

इससे पहले 30 अक्तूबर को दिल्ली पुलिस ने 2020 दिल्ली दंगों के आरोपियों की जमानत याचिका खारिज करने की मांग की थी। इसे लेकर पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया गया था। जिसमें दावा किया गया है कि दंगे को पूरे भारत में फैलाने की कोशिश की गई थी और इसका मकसद अंतरराष्ट्रीय ध्यान खींचना था।

एएसजी ने दावा किया कि ये सिर्फ विरोध प्रदर्शन नहीं थे, बल्कि हिंसक और योजनाबद्ध प्रदर्शन थे। आरोपियों ने सड़क रोकने और देश में अराजकता फैलाने की बातें कीं। सीएए विरोध को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा के समय पर इसलिए तेज किया गया ताकि अंतरराष्ट्रीय मीडिया का ध्यान खींचा जा सके। 'अंतिम मकसद व्यवस्था परिवर्तन और देश को आर्थिक व सामाजिक रूप से अस्थिर करना था।'

पुलिस ने ये भी दावा किया कि जांच के दौरान मिले चैट संदेशों और डिजिटल साक्ष्यों, जिनमें ट्रंप के नाम का भी जिक्र है, से यह साफ होता है कि यह योजना केवल दिल्ली तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसे देशभर में फैलाने का भी प्रयास किया गया था।

## शीर्ष कोर्ट ने मध्य प्रदेश के न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 60 से बढ़ाकर 61 साल की



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 60 साल से बढ़ाकर 61 साल कर दी। चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई और जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने अंतरिम आदेश में तेलंगाना हाईकोर्ट के इसी तरह के फैसले का जिक्र किया। शीर्ष कोर्ट ने पूछा कि जब राज्य सरकार तैयार है, तो न्यायिक अधिकारियों को यह राहत क्यों नहीं दी जानी चाहिए?

बेंच ने कहा, न्यायिक अधिकारी और राज्य सरकार के बाकी कर्मचारी, दोनों का वेतन एक ही सरकारी खजाने से दिया जाता है। कोर्ट ने आगे कहा कि राज्य सरकार के अन्य कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 62 साल है। कोर्ट ने कहा कि वैसे भी हाईकोर्ट के जजों और जिला अदालत के जजों की सेवानिवृत्ति की उम्र में एक साल का अंतर है। **चार हफ्ते बाद होगी अंतिम सुनवाई :** हाईकोर्ट के जज 62 साल की उम्र में सेवानिवृत्त होते हैं और अब मध्य प्रदेश में जिला अदालत के जजों की सेवानिवृत्ति की उम्र 61 साल हो जाएगी। बेंच ने इस याचिका पर अंतिम सुनवाई के लिए चार हफ्ते बाद की तारीख तय की। **हाईकोर्ट के वकील ने किया उम्र सीमा बढ़ाने का विरोध :** वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की ओर से पेश हुए। उन्होंने जिला अदालत के जजों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा बढ़ाने की मांग का विरोध किया। सुप्रीम कोर्ट ने 27 अक्तूबर को मध्य प्रदेश सरकार और हाईकोर्ट की रजिस्ट्री से उस याचिका पर जवाब मांगा था, जिसमें न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 60 से बढ़ाकर 61 साल करने से इनकार को चुनौती दी गई थी।

## लाल किले के पास धमाका मामले में चार और आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

### एनआईए टीम ने जम्मू-कश्मीर से हिरासत में लिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किले के बाहर हुए विस्फोट में शामिल चार और मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके बाद इस मामले में गिरफ्तारियों की कुल संख्या छह हो गई है। पटियाला हाउस कोर्ट के जिला सत्र न्यायाधीश के पेशी आदेश पर एनआईए ने चारों आरोपियों को जम्मू और कश्मीर से हिरासत में लिया है।

एनआईए ने आरोपियों की पहचान पुलवामा (जम्मू-कश्मीर) निवासी डॉ. मुजम्मिल शकील गनई, अनंतनाग (जम्मू-कश्मीर) निवासी डॉ. अदील अहमद राथर, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) निवासी डॉ. शाहीन सईद और शोपियां (जम्मू-कश्मीर) निवासी मुफ्ती इरफान अहमद वागे के रूप में की है।



एनआईए की जांच के अनुसार, इन सभी ने इस आतंकवादी हमले में अहम भूमिका निभाई थी, जिसमें कई निर्दोष लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे।

मामले की जांच में तेजी लाते हुए, एनआईए ने पहले ही दो अन्य आरोपियों आमिर राशिद अली, जिसके नाम पर विस्फोट में इस्तेमाल की गई कार पंजीकृत थी और जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश, जिसने इस घातक हमले में शामिल आतंकवादी को तकनीकी सहायता प्रदान की थी, को गिरफ्तार कर लिया था। आरसी-21/2025/एनआईए/डीएलआई मामले में पूरी आतंकी साजिश का पदार्फाश करने के एनआईए के प्रयासों के तहत उनसे पूछताछ जारी है।

गौरतलब है कि 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए धमाके में 15 निर्दोष लोगों की मौत हुई थी और कई घायल हुए थे।

## 400 पार पहुंचा दिल्ली का एक्यूआई

### जहरीली धुंध की चादर में लिपटा दिल्ली-एनसीआर

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। आज सुबह कई इलाकों में घना जहरीला स्मॉग छाया रहा। राजधानी दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद समेत दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में आज सुबह एक्यूआई 400 से ऊपर दर्ज किया गया।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, आज सुबह राजधानी दिल्ली के आनंद विहार में एक्यूआई 416, अशोक विहार में 443, आया नगर में 332, बवाना में 437, बुराड़ी में 418, डीटीयू में 432, द्वारका में 414, आईटीओ में 399, जहांगीरपुरी में 451 दर्ज किया गया है।

राजधानी में आज सुबह इंडिया गेट क्षेत्र के आसपास घना जहरीला स्मॉग छाया रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार यहां एक्यूआई 400 दर्ज किया गया, जो ह्यबहुत खराबह्ण श्रेणी में आता है।



दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर एक महिला ने कहा, 'प्रदूषण इतना ज्यादा है कि सांस लेने में दिक्कत हो रही है। मास्क पहनना पड़ रहा है और एक्यूआई भी बहुत ज्यादा है। हम बाहर निकलने से बच रहे हैं।'

आज सुबह दिल्ली के मोती बाग इलाके के आस-पास के जहरीले स्मॉग की एक परत छाई हुई थी। सीपीसीबी के मुताबिक, इलाके में एक्यूआई 439 है जो 'गंभीर' कैटेगरी में है।

वहीं, दिल्ली के धौला कुआं और पंजाबी बाग इलाके में भी 400 के पार एक्यूआई दर्ज किया गया। धौला कुआं इलाके में 423 और पंजाबी बाग इलाके में 439 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

**गाजियाबाद में भी 400 पार पहुंची एक्यूआई :** गाजियाबाद में भी एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, लोनी में 448 एक्यूआई दर्ज किया गया है। संजय नगर में 420, वसुंधरा 424 और इंदिरापुर में एक्यूआई 373 दर्ज किया।

**नोएडा का एक्यूआई भी 400 से ज्यादा :** नोएडा में भी कई इलाकों में 400 से ज्यादा एक्यूआई पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सेक्टर 125 में 431, सेक्टर 1 इलाके में 421, सेक्टर 116 में 436 और सेक्टर 62 इलाके में 342 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## शहर का बढ़ेगा सौंदर्यीकरण, एलिवेटेड पर बनेगा 35 फीट का समृद्धि द्वार

### चार चौराहों पर लगेंगे 20 फीट के आकर्षक स्टैचू

### शहर को सुंदर बनाना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी : महापौर








**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम शहर को नई पहचान देने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। महापौर सुनीता दयाल के नेतृत्व में नगर निगम अधिकारियों ने शहर सौंदर्यीकरण अभियान को रफ्तार देते हुए प्रमुख स्थानों का चयन कर विस्तृत कार्ययोजना पर अमल शुरू कर दिया है। महापौर ने स्पष्ट कहा कि गाजियाबाद को स्वच्छ और सुंदर बनाना निगम की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए निगम पूरी गंभीरता से काम कर रहा है। नगर निगम ने प्रथम चरण में शहर के पांच प्रमुख स्थानों को सौंदर्यीकरण के लिए चुना है। इनमें चार बड़े चौराहों पर 20-20 फीट के आकर्षक स्टैचू लगाए जाएंगे। साथ ही दो प्रमुख एंट्री गेटों को भव्य स्वरूप देने की योजना भी तैयार की गई है। निगम अधिकारियों के अनुसार निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और आगामी एक सप्ताह के भीतर कार्य धरातल पर शुरू कर दिया जाएगा।

### डायमंड फ्लाईओवर चौराहे से लेकर रोटरी जंक्शन का बदलेगा स्वरूप

करंट क्राइम : चयनित चार चौराहों पर लगने वाले स्टैचू शहर के आधुनिक, सांस्कृतिक और तकनीकी विकास का प्रतीक होंगे। तिगड़ी गोलचक्कर पर स्तंभ ऑफ इंडस्ट्रीज एंड इनोवेशन, डायमंड फ्लाईओवर चौराहे पर टेक्टोनिक ब्लूम, आनंद विहार एंट्री प्वाइंट पर अन्नदाता शिखर और रोटरी जंक्शन पर कोड ऑफ प्रोग्रेस को स्थापित किया जाएगा। इन कलात्मक संरचनाओं का उद्देश्य न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाना है, बल्कि गाजियाबाद को उत्तर प्रदेश में एक विशिष्ट पहचान दिलाना भी रहेगा है।

### 15 करोड़ से होगा कार्य : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक



करंट क्राइम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया है कि गाजियाबाद नगर निगम विकास कार्यों के साथ-साथ शहर के दृश्य रूपांतरण और सुंदरता को भी सर्वोच्च प्राथमिकता पर रख रहा है। चार चयनित चौराहों और दो एंट्री गेटों पर होने वाले सौंदर्यीकरण कार्यों पर लगभग 15 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह सौंदर्यीकरण गाजियाबाद के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय साबित होगा और स्थापित किए जाने वाले विशाल स्कल्पचर भविष्य में शहर की धरोहर के रूप में पहचाने जाएंगे। नगर निगम की टीम को विस्तृत योजना बनाते हुए समयबद्ध ढंग से काम शुरू करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। महापौर और नगर आयुक्त के संयुक्त नेतृत्व में शहर का सौंदर्यीकरण अभियान अब फास्ट ट्रैक पर आ चुका है और नवंबर के अंतिम सप्ताह से इसका प्रत्यक्ष प्रभाव शहर की सड़कों, चौराहों और प्रवेश द्वारों पर दिखाई देने लगेगा।

### एलिवेटेड रोड पर बनेगा समृद्धि द्वार



करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि स्वच्छता के साथ-साथ शहर को भव्य स्वरूप दिलाना भी नगर निगम की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से विशेष एंट्री गेट और कलात्मक संरचनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। एलिवेटेड फ्लाईओवर पर 35 फीट ऊँचा और 72 फीट चौड़ा समृद्धि द्वार बनाया जाएगा, जबकि यूपी गेट प्रवेश क्षेत्र पर 55 फीट ऊँचा और 228 फीट चौड़ा सूर्य प्रकाश द्वार स्थापित किया जाएगा। ये दोनों प्रवेश द्वार आधुनिक डिजाइन और अद्भुत कलाकृतियों से सुसज्जित होंगे, जो शहर आने वाले हर व्यक्ति पर अलग ही प्रभाव छोड़ेंगे।

## नगर निगम की सात हैं ऐसी पार्किंग जहां सालों से नहीं छूटा है ठेका

### गोविंदपुरम से लेकर इंदिरापुरम तक का है मामला

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम गाजियाबाद वाहनों की पार्किंग का ठेका देकर बड़ी आय अर्जित करने का काम करता है लेकिन नगर निगम क्षेत्र में सात ऐसी प्रमुख पार्किंग स्थल हैं, जिनका बीते कई सालों से ठेका कोई ले नहीं रहा है और ना ही यहां नगर निगम की पार्किंग संचालित हो पा रही है। जिससे न सिर्फ नगर निगम को नुकसान हो रहा है, बल्कि पार्किंग माफिया और ठेकेदारों की मनमर्जी भी चल रही है। यह पार्किंग स्थल सिटी जोन से लेकर मोहन नगर, वसुंधरा व इंदिरापुरम जोन में शामिल है। बीते दिनों हुई नगर निगम की कार्यकारिणी वाली बैठक में इस बात का खुलासा किया गया है।

### यह है सात पार्किंग स्थल, जहां नहीं छूट रहा निगम का ठेका



**करंट क्राइम :** नगर निगम के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार गोविंदपुर में स्थित सिग्नेचर स्टेट के सामने रोड साइड पटरी की तरफ, तो नवयुग मार्केट स्थित पंजाब नेशनल बैंक इलाहाबाद बैंक के बाहर रोड साइट पटरी दोनों तरफ मुख्य कार्यालय। नवयुग मार्केट स्थित पोस्ट ऑफिस से स्टेट बैंक ,तो इंदिरापुरम स्थित स्वर्ण जयंती पार्क के पास भी पार्किंग स्थल ठेके पर नहीं जा रही है। उधर मोहन नगर स्थित मीटा से वर्ल्ड स्क्वाड मॉल तक दोनों साइड भी यही हाल है। तो शिप्रा टावर के बाहर रोड साइड पार्किंग को भी कोई लेने को तैयार नहीं बताया जा रहा है। इसमें कई पार्किंग ऐसी हैं, जो साल 2023 से दोबारा आवंटित नहीं की गई हैं। तो इंदिरापुरम स्वर्ण जयंती पार्क के लिए 21 में 11 जुलाई और अगस्त माह में निविदा आमंत्रित करने के बावजूद कोई नहीं आया।

## एडिशनल सीपी केशव चौधरी का सख्त एक्शन मोड, थाना प्रभारी-विवेचकों को दो-टूक निर्देश

## महिला अपराध, अभ्यस्त अपराधी और अवैध संपत्ति पर जीरो टॉलरेंस



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बुधवार रात एडिशनल सीपी अपराध एवं मुख्यालय केशव चौधरी का सख़्त एक्शन मोड देखने को मिला।

सिहानी गेट और नंदग्राम थानों के अर्दली रूम में उन्होंने थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज और विवेचकों को दो-टूक शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि महिला अपराध, आदतन अपराधियों और गैंगस्टर गतिविधियों पर किसी भी कीमत पर ढिलाई नहीं चलेगी। एडिशनल सीपी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि महिला संबंधी मामलों में शासन की प्राथमिकता के अनुसार फौरन फीडबैक, तेज कार्रवाई और पीड़ित सहायता हर हाल में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मिशन शक्ति कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क और साइबर सेल के कामकाज का निरीक्षण करते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए।

### अभ्यस्त अपराधियों पर कसता शिकंजा—अवैध संपत्ति होगी जप्त

करंट क्राइम : आईपीएस केशव चौधरी ने बैठक में साफ कहा कि सक्रिय एवं अभ्यस्त अपराधियों पर सीधी कार्रवाई की जाए। गुंडा एक्ट, जिला बदर और हिस्ट्रीशीट खोलने में कोई देरी न हो। उन्होंने पुलिस टीम को आदेश दिया कि ऐसे अपराधियों की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को तेजी से कुर्क कर राज्य के खाते में जमा कराया जाए। एडिशनल सीपी ने कहा कि काली कमाई पर प्रहार सबसे बड़ा संदेश है। अपराध कर दौलत खड़ी करने वालों को कानून की सख़्ती महसूस होनी चाहिए। साथ ही, हत्या, लूट, डकैती, गैंगरेप, गो-तस्करी, वाहन चोरी और ड्रग तस्करी जैसे गंभीर अपराधों में गैंगस्टर एक्ट और धारा 14-1 के तहत संपत्ति जब्ती की कार्रवाई को तेज करने के भी निर्देश दिए।

### सोशल मीडिया पर भी निगरानी—संवेदनशील टिप्पणियों पर तुरंत कार्रवाई

करंट क्राइम : थाना सिहानी गेट में हुए निरीक्षण के दौरान एडिशनल सीपी ने सोशल मीडिया को लेकर भी सख़्त रुख दिखाया। उन्होंने कहा कि संवेदनशील या भड़काऊ कंटेंट पोस्ट-शेयर करने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाए, और किसी भी आपत्तिजनक गतिविधि पर पुलिस तुरंत कार्रवाई करे। इस निरीक्षण में एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे, थाना प्रभारी सिहानी गेट कुलदीप दीक्षित सहित प्रमुख विवेचक मौजूद रहे।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर 13 बीएलओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज

### उप जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ भट्ट ने चेताया, लापरवाही बर्दाश्त नहीं




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर जनपद गाजियाबाद में 13 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कराई गई है। यह कार्रवाई उप जिलाधिकारी सदर / निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी, 55-साहिबाबाद द्वारा की गई।

अपर जिलाधिकारी (वि/रा) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ भट्ट ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि वर्तमान में चल रही गणना अवधि के दौरान बीएलओ का प्रमुख दायित्व है कि वे घर-घर जाकर मतदाताओं से भरे हुए गणना प्रपत्र प्राप्त करें तथा उन्हें बीएलओ एप पर समयबद्ध तरीके से डिजिटाइज करें। लेकिन जांच में पाया गया कि 13 बीएलओ द्वारा इन कार्यों में स्पष्ट रूप से लापरवाही और शिथिलता बरती गई, जिसके आधार पर उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की गई है।

### लापरवाही पर दोबारा भी होगी कठोर कार्रवाई



**करंट क्राइम।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नियुक्त बीएलओ, सुपरवाइजर और सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को चेतावनी दी है कि—निर्वाचन संबंधी कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई, अनदेखी या शिथिलता पाए जाने पर भविष्य में भी संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों का निस्तारण केवल भारत निर्वाचन आयोग की स्वीकृति के बाद ही संभव होगा, इसलिए सभी अधिकारी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यों को पूर्ण करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचें।

## जीटी रोड पर इनोवा-बाइक की भीषण टक्कर में दो दोस्तों की मौत, परिजनों का फूटा गुस्सा किया रोड जाम

### - हिट-एंड-रन का केस दर्ज, आरोपी गिरफ्तार






मृतक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना कोतवाली के जीटी रोड पर होटल रेजिडेंसी के पास तेज रफ्तार इनोवा ने स्प्लेंडर बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार तीनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रियांशु (21) की बुधवार देर रात मौत हो गई थी, जबकि उसके साथी शिवा ने गुरुवार शाम दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में दम तोड़ दिया। तीसरा युवक साहिल गंभीर हालत में भर्ती है।

### गुस्साए परिजनों का उबाल, कालका गाड़ी चौक से पुराने बस अड्डे तक जाम



करंट क्राइम : शिवा की मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों और स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की। इसके बाद कालका गाड़ी चौक पर हंगामा शुरू हुआ और सड़क जाम कर दी गई। धीरे-धीरे जाम की स्थिति कालका गाड़ी चौक से अंबेडकर रोड, पुराने बस अड्डे और सिहानी गेट मेन रोड तक फैल गई। कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची, लेकिन परिजन मांग पूरी होने तक पीछे हटने को तैयार नहीं थे।

### इनोवा कार मालिक गिरफ्तार



करंट क्राइम : पुलिस ने बताया कि यह साफ तौर पर हिट-एंड-रन का मामला है और इसी आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज से इनोवा का नंबर ट्रेस कर लिया गया है। एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया कि इनोवा कार के मालिक दीप सोलंकी को हिरासत में ले लिया गया है। मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि इस मामले में प्रियांशु और शिवा की मौत हो गई है जबकि साहिल का उपचार दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने आरोपी को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ्तार किया है।



### तीनों दोस्त साथ लौट रहे थे, इनोवा ने मारी थी जोरदार टक्कर

करंट क्राइम : पुलिस के अनुसार प्रियांशु, शिवा और साहिल तीनों दोस्त हैं। साहिल तुराबनगर का निवासी है, जबकि प्रियांशु और शिवा भी आसपास ही रहते हैं। बुधवार को यह तीनों स्प्लेंडर बाइक से लौट रहे थे तभी इनोवा कार ने उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया।

## लगातार हो रहे एक्सीडेंट, ट्रैफिक पुलिस की वर्किंग पर लग रहे हैं डेंट

## बीते 10 दिनों के भीतर 8 लोगों की गई है सड़क हादसों में जान

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद करंट क्राइम :** गाजियाबाद में सड़क हादसे लगातार बढ़ रहे हैं और पुलिस की वर्किंग पर सवाल खड़े कर रहे हैं। बीते 10 दिनों के भीतर आठ लोगों की जान सड़क हादसों में चली गई है, जो यह दशार्ता है कि रफ्तार और नियमों की अनदेखी सड़क सुरक्षा पर भारी पड़ रही है। 12 नवंबर को थाना विजयनगर क्षेत्र के दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन नाबालिगों को रौंद दिया, जिससे तीनों की मौके पर मौत हो गई थी। परिजन कई दिनों तक न्याय के लिए पुलिस अधिकारियों के चक्कर लगाते रहे। इसके बाद 19 नवंबर की रात सिहानी गेट थानाक्षेत्र में स्प्लेंडर सवार तीन युवकों को इनोवा कार ने टक्कर मारी, जिसमें दो युवकों की मौत हो गई। आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया और पुलिस ने इसे हिट एंड रन मानकर केस दर्ज किया है। वहीं लिंक रोड थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात एक साइकिल सवार युवक को तेज रफ्तार वाहन ने कुचल दिया, जबकि देहात क्षेत्र में एक हादसे में पूर्व सभासद की मौत हो गई। इन सभी मामलों में एक बात कॉमन है कि तेज रफ्तार और लापरवाही वजह है। ट्रैफिक पुलिस हेलमेट और चालान को लेकर सख्ती दिखा रही है, लेकिन रफ्तार पर नियंत्रण अब भी बड़ा मुद्दा बना हुआ है। एक्सप्रेसवे पर मारे गए तीनों नाबालिगों ने हेलमेट नहीं पहना था, जबकि इनोवा कार द्वारा की गई टक्कर ने फिर साबित किया कि स्पीड ही इन हादसों की मुख्य वजह है।




### जागरूकता से भी नहीं आ रही हादसों में कमी

करंट क्राइम : यातायात माह के दौरान पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। तो शहर के जनप्रतिनिधियों के साथ हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा ने भी लोगों से हेलमेट लगाने, शराब पीकर न चलने और नियमों का पालन करने की अपील की थी। इसके बावजूद सड़क हादसों के आंकड़ों में गिरावट नहीं आ रही है। वहीं दिल्ली और लखनऊ में पिछले 10 महीनों में गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस की आधा दर्जन से अधिक मीटिंग्स हो चुकी हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और एनएचआईए अधिकारियों के साथ हुई बैठकों में हादसों में 50% कमी लाने का लक्ष्य तय किया गया था। डेंजर और डार्क जोन भी चिन्हित किए गए हैं, लेकिन रफ्तार और लापरवाही के चलते सड़क हादसों में मृत्यु दर बढ़ना चिंता का विषय बना हुआ है।

### ऑटोमैटिक सिस्टम हो रहा है अपडेट



करंट क्राइम : इसी के साथ इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम में देरी भी एक बड़ा कारण माना जा रहा है। शहर के 41 चौराहों पर लगे ऑटोमेटिक कैमरे और अपग्रेड हो रहा स्वचालित चालान सिस्टम अभी पूरी तरह चालू नहीं हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि यह सिस्टम एक्टिव होते ही ओवरस्पीड वाहनों पर लगाम लगेगी और हिट एंड रन मामलों में आरोपी की पहचान आसान होगी। कैमरे दिन और रात एक समान क्षमता से काम करेंगे और अपराध नियंत्रण में भी बड़ी भूमिका निभाएंगे। डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन और एसीपी जियाउद्दीन का कहना है कि सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों की संख्या और बढ़ाई जाएगी। उनका मानना है कि यातायात नियमों के प्रति जागरूकता ही हादसों में कमी लाने का प्रमुख साधन है। वहीं कहा जा रहा है कि गाजियाबाद की सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं ने यह साफ कर दिया है कि रफ्तार और लापरवाही अब शहर के लिए एक गंभीर संकट बन चुकी है, जिसे रोकने के लिए पुलिस और सिस्टम को और ज्यादा प्रभावी कदम उठाने होंगे।

### मुख्य घटनाएं :

- **12 नवंबर : थाना विजयनगर, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे** – बाइक सवार तीन नाबालिगों को पीछे से आ रहे ट्रक ने रौंदा। तीनों की मौके पर मौत।
- **19 नवंबर : थाना सिहानी गेट** – तेज रफ्तार इनोवा ने स्प्लेंडर सवार तीन युवकों को टक्कर मारी, दो की मौत। आरोपी कार चालक फरार। पुलिस ने हिट एंड रन का केस दर्ज किया।
- **18 नवंबर : लिंक रोड थाना** – मंगलवार रात को साइकिल सवार युवक को तेज रफ्तार वाहन ने कुचला।
- **देहात क्षेत्र :** पूर्व सभासद की मौत।

## संपादकीय

# पर्यावरण मंजूरी विवाद फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न परियोजनाओं को पर्यावरणीय मंजूरी देने के मामले में अपने ही पुराने फैसले को पलट दिया है। इस फैसले से केंद्र और राज्य सरकारों को तो राहत मिली है, लेकिन पर्यावरण को इससे कोई फायदा नहीं होने वाला। विभिन्न परियोजनाओं को पर्यावरणीय मंजूरी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही फैसले को पलट कर भले केंद्र और राज्य सरकारों को राहत दे दी हो, लेकिन इससे पर्यावरण को राहत नहीं मिलने वाली। क्लाइमेट चेंज के खतरों को देखते हुए अब कठोर निर्णयों की जरूरत है। शीर्ष अदालत के पास भविष्य के लिए नजीर पेश करने का मौका था। पुराना आदेश सुप्रीम कोर्ट का पहला आदेश 16 मई को आया था। इसके मुताबिक, लगभग 20 हजार करोड़ रुपये के उन प्रॉजेक्ट्स को ध्वस्त करने का आदेश दिया गया था, जिन्हें बनाने से पहले नियमों के मुताबिक पर्यावरणीय मंजूरी नहीं ली गई थी। इन्हें बाद में जुमार्ना वसूलने के बाद क्लियरेंस मिली। अब नए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर मई का आदेश वापस नहीं लिया जाता तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। छूट कब तक तीन जजों की बेंच में शामिल चीफ जस्टिस बीआर गवई का सवाल बिल्कुल वाजिब है कि क्या ऐसी सभी परियोजनाओं को ध्वस्त कर देना और सरकारी खजाने से खर्च किए गए धन को कूड़ेदान में जाने देना जनहित में होगा? लेकिन, यह सवाल भी उठता है कि सार्वजनिक हित के नाम पर सार्वजनिक हित को नुकसान पहुंचाने वाले कामों में कब तक ढील दी जाएगी। इन परियोजनाओं को गिराने से एक बार नुकसान होता। लेकिन इनकी वजह से पर्यावरण को जो क्षति पहुंची, उसका असर शायद कभी कम न किया जा सके। सबक नहीं विकास परियोजनाओं के नाम पर प्रकृति से होने वाली छेड़छाड़ का दुष्परिणाम आर्थिक नुकसान से ज्यादा गंभीर है। देश के हिमालयी राज्य इसका उदाहरण है, जहां इस साल आपदाओं की बारिश हुई या फिर राजधानी दिल्ली और दूसरे महानगर जिनमें सांस लेना लगातार दूभर होता जा रहा है। इसके बाद भी सरकारें और जिम्मेदार संस्थाएं सबक नहीं ले रहीं। ग्रेट निकोबार आईलैंड प्रॉजेक्ट जैसी योजनाएं पर्यावरणविदों को गंभीर चिंता में डालने वाली है। हरियाली पर संकट आदर्श रूप से 33% भूभाग पर वन या हरियाली होनी चाहिए, लेकिन है लगभग 25%। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच के मुताबिक, 2001 से लेकर अभी तक भारत में 20 लाख हेक्टेयर से ज्यादा हरा–भरा क्षेत्र खत्म हो चुका है, हालांकि इस दौरान पौधारोपण भी खूब हुआ।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान–पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच–समझकर करें।

**धनु:** आशंका–कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

सास – बहू, पड़ोस की सुषमा एक नंबर की झूठी है।
उसकी बातों पर कभी विश्वास मत करना।
वैसे तुमसे सुबह क्या कह रही थी?
बहू – कह रही थी कि आप बहुत भली औरत हैं।

डॉक्टर – तुमने आने में देर कर दी।
पप्पू – क्या हुआ डॉक्टर साहब, कितना वक्त बचा है मेरे पास?
डॉक्टर – मर नहीं रहे हो, 6 बजे का अपॉइंटमेंट था 7 बजे आए हो।

पत्नी: सुनो जी, मैं कैसे लग रही हूँ?
पति: इतनी सुंदर कि
पत्नी: कि क्या?
पति: अगर फोटो डालो तो मोबाइल भी शरमा जाए!

दोस्त: भाई, आजकल बहुत चुप–चुप रहते हो!
गोलू: हाँ यार
दोस्त: क्यों?
गोलू: बीवी ने बोला था कम बोला करो — मैं सीरियस ले गया

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# "तेल-गैस और वित्तीय शेयरों की मजबूती से शेयर बाजार चढ़ा सेंसेक्स 446 अंक और निफ्टी 139 अंक उछला"

**नई दिल्ली।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 446.21 अंक उछलकर 85,632.68 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 139.50 अंक की बढ़त के साथ 26,192.15 पर बंद हुआ।



तेल और गैस व चुनिंदा वित्तीय शेयरों में लिवाली तथा ताजा विदेशी पूंजी प्रवाह के चलते लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बेंचमार्क सेंसेक्स गुरुवार को 446 अंक चढ़ गया। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 446.21 अंक या 0.52 प्रतिशत चढ़कर 85,632.68 पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान यह 615.23 अंक या 0.72 प्रतिशत की बढ़त के साथ 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर 85,801.70 अंक पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 139.50 अंक या 0.54 प्रतिशत बढ़कर 26,192.15 पर बंद हुआ।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 23 पैसे गिरकर 88.71 (अनंतिम) पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक समकक्षों के शेयरों में तेजी से सूचकांकों को दिन के दौरान अपने वर्ष के उच्चतम स्तर को छूने में मदद मिली।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा और एक्सिस बैंक प्रमुख लाभ में रहे। वहीं, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, टाइटन और हिंदुस्तान यूनिलीवर पिछड़ गए।

### भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता को लेकर प्रगति से बाजार में दिखी तेजी

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता और पहले चरण के समझौतों की प्रगति को लेकर आशावाद के चलते भारतीय शेयर बाजारों में तेजी आई, जिससे समग्र बाजार धारणा को बल मिला। ठोस आय के बाद तकनीक-आधारित बढ़त के कारण वैश्विक संकेत भी मजबूत रहे। नए एफआईआई निवेश और ऑटो, वित्तीय और आईटी जैसे लार्ज-कैप क्षेत्रों में मजबूती ने भी उत्साहजनक रुख को बल दिया।

### यूरोपीय बाजार में दिखी बढ़त

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोपीय बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। बुधवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक दायरे में बंद हुए।

### ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 64.03 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.83 प्रतिशत बढ़कर 64.03 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बुधवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने जमकर खरीदारी की। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, उन्होंने पिछले कारोबार में 1,580.72 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भी बुधवार को 1,360.27 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। बुधवार को सेंसेक्स 513.45 अंक या 0.61 प्रतिशत बढ़कर 85,186.47 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 142.60 अंक या 0.55 प्रतिशत चढ़कर 26,052.65 पर बंद हुआ।

# भारत इस्राइल साझेदारी को नई रफ्तार: निवेश, तकनीक और इंफ्रास्ट्रक्चर में अपार अवसर: पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** भारत, इस्राइल की कंपनियों के लिए निवेश और साझेदारी के व्यापक अवसर उपलब्ध करा रहा है। भारत के वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को अपने इस्राइल दौरे पर यह बात कही। गोयल ने कहा कि दोनों देश उद्योग के बुनियादी ढांचा विकास, विनिर्माण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे भविष्य-उन्मुख क्षेत्रों में सहयोग को और तेज कर सकते हैं। गोयल ने बताया कि सहयोग के अन्य संभावित क्षेत्रों में फिनटेक, कृषि-तकनीक, मशीन लर्निंग, क्वांटम कंप्यूटिंग, फार्मास्यूटिकल्स, अंतरिक्ष तकनीक और रक्षा शामिल हैं। भारत-इस्राइल व्यापारिक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा, दोनों देशों के बीच संभावनाएँ असीमित हैं। यह पहली बार है जब कोई भारतीय वाणिज्य मंत्री इस्राइल के आधिकारिक दौरे पर गया है। गोयल 60 सदस्यीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ इस्राइल पहुंचे हैं। दौरे के दौरान वे सरकारी और व्यावसायिक नेताओं के साथ बैठकों में द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा करेंगे। मंत्री ने कहा कि भारत को निवेश का आकर्षक केंद्र बनाने वाले 10 डी हैं। ये हैं लोकतंत्र , जनसांख्यिकीय लाभांश , डिजिटलीकरण , तेजे गति से विकास , निर्णायक नेतृत्व समेत अन्य कारक । उन्होंने कहा, भारत निवेशकों और कारोबारियों के लिए बेहद अनुकूल माहौल प्रदान करता है। यह दोनों देशों के उद्योगों के लिए अपार अवसर खोलता है। इस्राइल के अर्थव्यवस्था मंत्री नीर बरकत ने मंच से कहा कि भारत, इस्राइल के लिए एक 'बेहतरीन पार्टनर' है।

# "बढ़ी मांग से टमाटर की कीमतों में उछाल, 15 दिनों में 50% तक महंगे–कुछ शहरों में दाम दोगुने"

**नई दिल्ली।** एक बार फिर टमाटर रसोई का बजट बिगाड़ने लगे है। देशभर में बीते 15 दिनों के भीतर टमाटर की कीमतों में 50 प्रतिशत तक उछाल देखा गया है। कई शहरों में तो इसके दाम दोगुने तक पहुंच गए हैं। इसकी मुख्य वजह अक्टूबर में हुई तेज बारिश है, जिसने कई राज्यों में टमाटर की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया और बाजार में सप्लाई कम हो गई।



सबसे ज्यादा असर चंडीगढ़ पर पड़ा सरकारी आंकड़े बताते हैं कि पिछले एक महीने में खुदरा कीमतों में 25 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है। उपभोक्ता मंत्रालय के अनुसार, 19 नवंबर को टमाटर का ऑल इंडिया एवरेज प्राइस 46 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया, जबकि एक महीने पहले यह 36 रुपये प्रति किलो था। यानी औसत कीमतों में करीब 27 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो चुकी है।

### शादी सीजन और न्यू ईयर सेलिब्रेशन के कारण मांग बढ़ी

कारोबारियों का कहना है कि, फिलहाल राहत की उम्मीद कम है। क्योंकि शादी सीजन और न्यू ईयर सेलिब्रेशन के कारण मांग बढ़ी हुई है, जबकि बारिश से फसलों को नुकसान होने की वजह से सप्लाई और घट गई है। कर्नाटक, महाराष्ट्र और गुजरात से आने वाले ट्रकों की संख्या पिछले एक हफ्ते में लगभग आधी रह गई है, जिससे बाजार में उपलब्धता कम हो गई है। महाराष्ट्र, जो टमाटर की बड़ी सप्लाई देता है, वहां नवंबर में थोक कीमत 45 प्रतिशत बढ़ीं। जबकि राजधानी दिल्ली में थोक कीमतों में 26 प्रतिशत का इजाफा दर्ज हुआ।

### अक्तूबर में टमाटर की महंगाई –42.9 प्रतिशत थी

सितंबर–अक्टूबर में टमाटर, प्याज और आलू के दाम गिरने से रिटेल महंगाई 0.25 प्रतिशत, यानी 2013 के बाद सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई थी। अक्तूबर में टमाटर की महंगाई –42.9 प्रतिशत थी, यानी दाम कम थे। लेकिन नवंबर में हालात पूरी तरह बदल गए हैं। फिलहाल, बारिश से खराब फसल और त्योहार–मैरिज सीजन की मांग मिलकर टमाटर को और महंगा बना रहे हैं। आने वाले सप्ताह में भी बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं दिख रही है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- क्या आप जानते हैं? वाइन की बोतलों पर साल का वर्ष तबसे माना जाता है, जबसे अंगूर फ्रूट को चुना गया था, न कि तब जब वाइन को बोतलबंद किया गया था।
- अंगूर फ्रूट का उत्पादन दुनिया भर में बहुत बड़ा, अच्छी तरह से विकसित और लोकप्रिय व्यापार है। इस ग्रह पर लगभग 25 मिलियन एकड़ भूमि अंगूर के बाग के साथ कवर किया गया है। जिससे प्रत्येक वर्ष 72 मिलियन टन अंगूर का उत्पादन होता है, आपको जानकर आश्चर्य होगा की उत्पादित अंगूरों का 71% वाइन के निर्माण में उपयोग किया जाता है, 27% को ताजे फल के रूप में बेचा जाता है और 2% किशमिश में बदल दिए जाते हैं।
- क्या आप जानते हैं? यदि आप एक कटा हुआ अंगूर माइक्रोवेव में गर्म करते हैं, तो यह सुपर–हॉट प्लाज्मा में बदल कर आग के गोले की तरह विस्फोट कर सकता है।
- शायद आप यह नहीं जानते की, दुनिया के पसंदीदा फलों के शीर्ष दस में अंगूर, टमाटर, आम और केले के साथ गिना जाता है।
- अंगूर की बेल लगभग 15 मीटर (50 फीट) की लंबाई तक पहुंच सकती है। एक बेल आमतौर पर अंगूर के 40 गुच्छे पैदा करती है।

दैनिक **करंट क्राइम**

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# सेबी चेयरमैन: भारत का निवेशक आधार 3–5 वर्षों में दोगुना हो सकता है, घरेलू भागीदारी से बाजार को मजबूत समर्थन

**नई दिल्ली।** सेबी के अध्यक्ष तुहिन कांत पांडे ने कहा कि भारत का अद्वितीय निवेशक आधार अगले तीन से पांच वर्षों में दोगुना होने की संभावना है। भारतीय पूंजी बाजारों को मजबूत घरेलू कारकों का समर्थन मिल रहा है, जिसमें घरेलू भागीदारी शामिल है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सहित सरकारी सहभागिता और कैपिटल मार्केट की वृद्धि निवेशकों में भारतीय बाजारों में विश्वास को बढ़ाती है।



सीआईआई फाइनेंसिग समिट के दौरान बोलते हुए सेबी के अध्यक्ष तुहिन कांत पांडे ने कहा कि भारत का अद्वितीय निवेशक आधार अगले तीन से पांच वर्षों में दोगुना होने की संभावना है क्योंकि इक्विटी भागीदारी मौजूदा समय में काफी कम है। उन्होंने कहा कि घरेलू बचत के बड़े हिस्से को पूंजी बाजारों में लगाने के लिए लगातार आर्थिक विस्तार की जरूरत है। भारतीय परिवारों और घरेलू संस्थाओं के पास अब विदेशी पोर्टफोलियों निवेशकों (एफपीआई) की तुलना में सूचीबद्ध इक्विटी का बड़ा हिस्सा है और देश के लगभग 135 मिलियन अद्वितीय बाजार प्रतिभागी हैं।

### घरेलू बाजार को लेकर जागरूकता जरूरी

उन्होने कहा कि हाल ही में सेबी ने एक सर्वेक्षण में पाया है कि 63 प्रतिशत उत्तरदाताओं को प्रतिभूति बाजार की जानकारी है, लेकिन मौजूदा समय में केवल 9.5 प्रतिशत परिवार ही इसमें निवेश करते हैं। अन्य 22 प्रतिशत अगले 12 महीने में बाजार में प्रवेश करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि यह प्रवृत्ति नियामकों, जारीकताओं और मध्यस्थों पर पेशकशों की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है।

### वैश्विक अनिश्चितता और भारतीय बाजार

सेबी अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय पूंजी बाजारों को मजबूत घरेलू कारकों का समर्थन मिल रहा है, जिसमें घरेलू भागीदारी शामिल है। वहीं वैश्विक अनिश्चितताओं पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिकी बाजार में क्या होगा इस पर मैं कुछ नहीं कह सकता लेकिन चिताएं बनी हुई है, जो जोखिम पैदा कर रही हैं। भारतीय बाजारों में देखें तो भारतीय रिजर्व बैंक और सेबी निवेशक सुरक्षा के लिए मिलकर काम कर रहा है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सहित सरकारी सहभागिता और कैपिटल मार्केट की वृद्धि निवेशकों में भारतीय बाजारों में विश्वास को बढ़ाती है। भारत की विकास गाथा को ठोस बुनियादी ढांचे, जनसांख्यिकी, प्रतिभाओं की एक विस्तृत श्रृंखला और निरंतर सार्वजनिक व निजी निवेश का समर्थन प्राप्त है। ये कारक, निवेशकों के विश्वास के साथ मिलकर, झटकों के विरुद्ध एक ढाल का काम करते हैं।

### नियामक की जोखिमों पर नजर

उन्होंने कहा कि सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक एक साथ मिलकर ऐसे मॉडल पर काम कर रहे हैं, जो म्यूचुअल फंड्स में तरलता, तनाव और दबाव सहित परस्पर जुड़े जोखिम पर नजर रखते हैं।

हम नई तकनीकों, जिसमें एआई, एल्गोरिदम और टोकनाइजेशन को तेजी से अपनाने के बारे में काम कर रहे हैं। उभरती हुई नई तकनीकों के जोखिम को कम करने के लिए भी विनियमन को विकसित किया जाएगा। डिजिटल बाजार की हिस्सेदारी बढ़ रही है।





## सुआरेज की बेटी डेलफिना को डेट कर रहे हैं रोनाल्डो जूनियर?

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं, जिनमें फुटबॉल लीजेंड क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बेटे रोनाल्डो जूनियर एक लड़की के साथ नजर आ रहे हैं। फैंस का दावा है कि तस्वीरों में दिख रही लड़की उरुग्वे के सुपरस्टार फुटबॉलर लुईस सुआरेज की बेटी डेलफिना सुआरेज हैं। दोनों की उम्र भी लगभग 15 वर्ष बताई जा रही है, जिससे इस फ्रेंडशिप को लेकर सोशल मीडिया पर दिलचस्प चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

तस्वीरें सीधे किसी आधिकारिक अकाउंट से नहीं, बल्कि रोनाल्डो जूनियर के फैन पेज से शेयर की गई हैं। पोस्ट में दोनों एक साथ मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों के एक पोस्ट में एक स्टेडियम का बैकग्राउंड है, दूसरी तस्वीर किसी इनडोर लोकेशन की दिखाई देती है। पोस्ट में से एक तस्वीर में रोनाल्डो जूनियर ने डेलफिन के गाल पर किस भी किया। वहीं, तीसरे पोस्ट में दोनों समुद्र में जेट पैक पर नजर आ रहे हैं।

# कोहली-रोहित टेस्ट क्रिकेट को बचाना चाहते थे मगर माहौल ने बाहर किया : मनोज तिवारी




**मनोज तिवारी का यह दावा कि कोहली-रोहित को माहौल ने बाहर किया, भारतीय क्रिकेट में नई बहस छेड़ता है। क्या यह सच है कि दो महान खिलाड़ी टीम के वातावरण के कारण पीछे हटे? या यह सिर्फ ट्रांजिशन बहस का राजनैतिक रूप? आने वाले समय में इस मुद्दे पर और बयान सामने आना तय है।**

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी ने टीम इंडिया के टेस्ट क्रिकेट सेटअप पर बड़ा बयान दिया है। तिवारी के मुताबिक विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट को बचाना चाहते थे, लेकिन टीम के अंदर के खराब माहौल और अनावश्यक ट्रांजिशन की वजह से दोनों को मजबूर होकर संन्यास लेना पड़ा। दोनों दिग्गजों ने इसी साल इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज से ठीक पहले एक सप्ताह के अंतर में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी।

**ट्रांजिशन की बात को बताया बेबुनियाद**

गौतम गंभीर द्वारा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में हार के बाद टीम ट्रांजिशन की बात कहने पर मनोज तिवारी ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उनका कहना है कि भारतीय क्रिकेट में ट्रांजिशन की कोई आवश्यकता ही नहीं है। तिवारी ने कहा, 'न्यूजीलैंड या जिम्बाब्वे जैसी टीमों को ट्रांजिशन चाहिए। भारत जैसे देश में, जहां घरेलू क्रिकेट में टैलेंट की लाइन लगी है, ट्रांजिशन शब्द का कोई मतलब नहीं।' उन्होंने आरोप लगाया कि 'अनावश्यक ट्रांजिशन के नाम पर विराट और रोहित जैसे खिलाड़ी, जो टेस्ट क्रिकेट की पवित्रता बनाए रखना चाहते थे, धीरे-धीरे किनारे कर दिए गए।'

**'कोहली-रोहित खेलना चाहते थे, मगर माहौल बिगड़ गया'**

तिवारी के मुताबिक दोनों दिग्गजों का मनोबल टीम के अंदर के वातावरण ने गिराया। उन्होंने कहा कि माहौल ऐसा बनाया गया कि कोहली-रोहित जो खेलना चाहते थे, वे भी पीछे हट गए। माहौल में नकारात्मकता आने लगी। यह बयान स्वाभाविक रूप से भारतीय क्रिकेट में चल रही अंदरूनी राजनीति की ओर इशारा करता है, खासकर उस समय जब टीम दो बड़े खिलाड़ियों को एक साथ खो चुकी है।

**कोच गंभीर पर भी तिवारी का निशाना**



तिवारी ने गौतम गंभीर की आलोचना करते हुए कहा कि हार के बाद खिलाड़ियों की तकनीक पर सवाल उठाना सही नहीं है। उन्होंने कहा, 'एक कोच का काम सिखाना है, दोष देना नहीं। अगर खिलाड़ियों का डिफेंस कमजोर था, तो मैच से पहले क्यों नहीं सुधारा गया? गंभीर खुद स्पिन के अच्छे खिलाड़ी थे, उन्हें और ट्रेनिंग देनी चाहिए थी।'

## आयुष शेट्टी और लक्ष्य सेन का दमदार प्रदर्शन

### क्वार्टरफाइनल में पहुंचे और प्रणय बाहर

**नई दिल्ली।** भारत के युवा शटलर आयुष शेट्टी और विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज कर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। अब दोनों भारतीय खिलाड़ी एक-दूसरे के खिलाफ अंतिम-8 में भिड़ेंगे।



ऑस्ट्रेलियन ओपन में भारत के युवा शटलर आयुष शेट्टी और विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज कर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। अब दोनों भारतीय खिलाड़ी एक-दूसरे के खिलाफ अंतिम-8 में भिड़ेंगे। वहीं अनुभवी खिलाड़ी एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत को शुरूआती दौर में ही बाहर होना पड़ा।

शीर्ष वरीयता प्राप्त सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी चीनी ताइपै के सू चिंग हेंग और वु गुआन शुन को 21-18, 21-11 से हराकर अंतिम आठ में पहुंच गए। अगले दौर में सात्विक-चिराग का सामना इंडोनेशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी फाजर अलफियन और मुहम्मद शोहिबुल फिक्री से होगा।

**आयुष शेट्टी की शानदार जीत**

यूएस ओपन सुपर 300 के मौजूदा चैंपियन आयुष शेट्टी ने चौथी वरीयता प्राप्त जापान के कोडाई नारोका को 68 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-16 से हराया।

यह 20 वर्षीय भारतीय की इस साल नारोका पर दूसरी जीत है। क्वार्टरफाइनल में अब उनका सामना सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन से होगा।

# राइजिंग एशिया कप सेमीफाइनल: भारत-ए को टॉप ऑर्डर से दमदार प्रदर्शन की उम्मीद, बांग्लादेश-ए से मिलेगी कड़ी टक्कर

**भारत ए की बल्लेबाजी सूर्यवंशी के आसपास घूमती हुई नजर आई है। मध्यक्रम में मजबूती लाने के लिए बाकी बल्लेबाजों को अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी।**

**दोहा।** राइजिंग स्टार्स एशिया कप के सेमीफाइनल में बुधवार को भारत ए का सामना बांग्लादेश ए से होगा। भारतीय टीम की नजर फाइनल में जगह बनाने पर है, लेकिन इसके लिए उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। अब तक टीम के लिए सबसे अधिक भरोसेमंद नाम वैभव सूर्यवंशी रहे हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट में 201 रन बनाए हैं और एक शतक भी जड़ा है। हालांकि कप्तान जितेश शर्मा, नमन धीर, प्रियांश आर्य और नेहाल वढेरा अभी तक अपेक्षित योगदान नहीं दे पाए हैं।

**सूर्यवंशी पर निर्भरता कम करने की जरूरत:** भारत ए की बल्लेबाजी सूर्यवंशी के आसपास घूमती हुई नजर आई है। मध्यक्रम में मजबूती लाने के लिए बाकी बल्लेबाजों को अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। सेमीफाइनल जैसे बड़े मुकाबले में एक या दो साझेदारियाँ मैच का रुख बदल सकती हैं, इसलिए कोचिंग स्टाफ शीर्षक्रम से बड़ी पारी की उम्मीद कर रहा है।




**बांग्लादेश ए की गेंदबाजी बनी चुनौती**

भारतीय टीम बांग्लादेश को हल्के में बिल्कुल नहीं ले रही है। अफगानिस्तान ए को मात्र 78 रन पर समेटने वाली बांग्लादेश ए की गेंदबाजी मजबूत मानी जा रही है। तेज गेंदबाज रिपोन मंडल और बाएं हाथ के स्पिनर रकीबुल हसन भारतीय बल्लेबाजों के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं। श्रीलंका ए के खिलाफ आखिरी ओवर तक मैच को ले जाना भी बांग्लादेश टीम की जुझारू क्षमता को दशार्ता है।

**गेंदबाजी में भारत ए का अच्छा प्रदर्शन जारी:** गेंदबाजी के मोर्चे पर भारत ए अब तक बेहतरीन रहा है।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह तीन मैचों में पांच विकेट ले चुके हैं। वहीं स्पिन तिकड़ी- हर्ष दुबे, सुयश शर्मा और आशुतोष ने लगातार विकेट निकालकर टीम को मजबूती दी है। दुबे ने बल्ले से भी अहम योगदान दिया और ओमान के खिलाफ शानदार अर्धशतक जड़ा। दुबे ने कहा कि सलामी बल्लेबाज के रूप में शुरूआत करने का अनुभव उनकी बल्लेबाजी में मदद करता है। उनका लक्ष्य है कि सेमीफाइनल में भी टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई जाए।

**बांग्लादेश की बल्लेबाजी इन खिलाड़ियों पर निर्भर:** बांग्लादेश ए की ओर से हबीबुर रहमान सोहान और कप्तान अबरार अली सबसे अहम खिलाड़ी माने जा रहे हैं। भारत ए की रणनीति होगी कि इन दोनों को जल्दी आउट करके विपक्षी टीम पर दबाव बनाया जाए।

**संभावित प्लेइंग-11**

**भारत-ए:** जितेश शर्मा (कप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, नेहल वढेरा, नमन धीर, रमनदीप सिंह, हर्ष दुबे, आशुतोष शर्मा/यश ठाकुर, गुरजपनीत सिंह, विजय कुमार वैशाक, सुयश शर्मा।

**बांग्लादेश ए:** अकबर अली (कप्तान), मोहम्मद हबीबुर रहमान, यासिर अली, रकीबुल हसन, जीशान अलम, महीदुल एंकोन, तूफेल अहमद, मेहराब हसन, रिपोन मंडल, अबु हिदार रोनी, मोहम्मद अब्दुल गफ्फार।

**टीमें:**

**भारत ए टीम:** जितेश शर्मा (कप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, नेहल वढेरा, नमन धीर, सूर्यांश शेडगे, रमनदीप सिंह, हर्ष दुबे, आशुतोष शर्मा, यश ठाकुर, गुरजपनीत सिंह, विजय कुमार वैशाक, युधवीर सिंह चरक, अभिषेक पोरेल, सुयश शर्मा।

**बांग्लादेश ए टीम:** अकबर अली (कप्तान), मोहम्मद हबीबुर रहमान, यासिर अली, जीशान आलम, आरिफुल इस्लाम, रकीबुल हसन, महीदुन एंकोन, तूफेल अहमद, मृत्युंजय चौधरी, मेहराब हसन, रिपोन मंडल, अबु हिदार रोनी, मोहम्मद शादिन इस्लाम, जवाद अबरार, मोहम्मद अब्दुल गफ्फार।

# पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग-11 का एलान, वेदराल्ड-डॉगेट का डेब्यू, स्मिथ कप्तान

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में होने वाले पहले एशेज टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग-11 की घोषणा कर दी है। स्टैंड-इन कप्तान स्टीव स्मिथ की कप्तानी में टीम दो नए चेहरों, जेक वेदराल्ड और ब्रेंडन डॉगेट को टेस्ट डेब्यू का मौका देगी। यह फैसला टीम मैनेजमेंट की नई आक्रामक रणनीति का संकेत माना जा रहा है, खासकर ऐसे समय में जब ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड का सामना तेज और उछालभरी पिच पर करेगा।

**वेदराल्ड को ओपनिंग की बड़ी जिम्मेदारी:** डेविड वॉर्नर के रिटायरमेंट के बाद से ऑस्ट्रेलिया एक स्थायी ओपनर की खोज में था। अब चयनकताओं ने जेक वेदराल्ड पर भरोसा जताया है, जो उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरूआत करेंगे। इससे स्टीव स्मिथ और टीम ने यह साफ संदेश दिया है कि वे एक विशेषज्ञ ओपनर को तरजीह देंगे, बजाय मार्नस लाबुशेन को ऊपर भेजने के। वेदराल्ड ख्वाजा के छठे ओपनिंग पार्टनर होंगे। वॉर्नर के जाने के बाद से यह स्लॉट लगातार बदला जा रहा है।

**लाबुशेन की वापसी, ग्रीन फिर नंबर छह पर:** कैरिबियाई दौरे से बाहर रहे मार्नस लाबुशेन अपने पसंदीदा नंबर तीन पर वापस लौटेंगे। वहीं कैमरून ग्रीन को फिर से नंबर थह पर भेजा गया है, जिससे वह अपनी ऑलराउंड भूमिका अच्छे से निभा सकें। लंबे समय तक चोट से जूझने के बाद ग्रीन ने गेंदबाजी वापस शुरू की है, लेकिन उन्हें टीम का भविष्य का नंबर चार माना जा रहा है। इस बदलाव का मतलब है कि लगातार सात टेस्ट खेलने वाले ब्यू वेबस्टर को प्लेइंग 11 से बाहर होना पड़ा।




**डॉगेट को मौका, हेजलवुड चोटिल:** तेज गेंदबाज ब्रेंडन डॉगेट का डेब्यू पहले से ही तय माना जा रहा था क्योंकि जोश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर हैं। स्टार्क, लियोन और बोलैंड के साथ डॉगेट ऑस्ट्रेलिया की पेस यूनिट को नई गति देंगे। यह 2019 के बाद पहला मौका होगा जब ऑस्ट्रेलिया एक ही टेस्ट में दो डेब्यू खिलाड़ी खिलाएगा।

**डेविड वॉर्नर के रिटायरमेंट के बाद से ऑस्ट्रेलिया एक स्थायी ओपनर की खोज में था। अब चयनकर्ताओं ने जेक वेदराल्ड पर भरोसा जताया है**

**इंग्लैंड ने घोषित किया 12 सदस्यीय दल:** इंग्लैंड की तरफ से जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड दोनों स्क्वॉड में शामिल हैं, जो तेज पर्थ पिच पर बड़ा खतरा बन सकते हैं। इंग्लैंड ने 12 सदस्यों के नाम का एलान किया था। ऐसे में गस एटकिंसन और ब्रायडन कार्स में से किसी एक को बाहर बैठना पड़ सकता है।

# पाकिस्तान सुपर लीग में भूचाल! मुल्तान सुल्तांस के मालिक का PCB पर बड़ा आरोप

**मुल्तान सुल्तांस के मालिक अली तरीन ने दावा किया है कि पीसीबी और पीएसएल मैनेजमेंट उनकी किसी भी मेल, लीगल लेटर या फ्रेंचाइजी वैल्यूएशन संबंधी अनुरोध का जवाब नहीं दे रहे हैं।**

**मुल्तान।** पाकिस्तान सुपर लीग और मुल्तान सुल्तांस फ्रेंचाइजी के मालिक अली खान तरीन के बीच खींचतान खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है। सार्वजनिक मंच पर पीएसएल मैनेजमेंट की आलोचना के बाद पीसीबी ने अली तरीन को कानूनी नोटिस भेजा था, जिसमें उन पर फ्रेंचाइजी एग्रीमेंट तोड़ने का आरोप लगाया गया। जवाब में अली तरीन ने न सिर्फ तंज कसते हुए माफी मांगी बल्कि पीसीबी का नोटिस फाड़कर सोशल मीडिया पर और भी तीखा हमला किया।

## कानूनी कार्रवाई की चेतावनी




**'घोस्टिंग' से तंग आए अली तरीन, बोले- अब कोर्ट जाएंगे**

ताजा घटनाक्रम में अली तरीन ने दावा किया है कि पीसीबी और पीएसएल मैनेजमेंट उनकी किसी भी मेल, लीगल लेटर या फ्रेंचाइजी वैल्यूएशन संबंधी अनुरोध का जवाब नहीं दे रहे हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर स्थिति को सार्वजनिक करते हुए कहा, 'एक महीने से हम पीएसएल मैनेजमेंट को अपनी फ्रेंचाइजी वैल्यूएशन और रिन्यूअल लेटर के लिए मेल कर रहे हैं। ब

ाकी सभी टीमों को यह लेटर मिल चुका है, सिर्फ मुल्तान को नहीं मिला। न मेल का जवाब मिला, न लीगल लेटर मिला, न चेयरमैन को भेजे पत्र मिला। यह घोस्टिंग अगर जारी रही, तो हमें मजबूरन कानूनी कदम उठाने होंगे।'

## पाकिस्तान क्रिकेट को झटका, अजहर अली ने चयन समिति छोड़ी

**लाहौर।** पाकिस्तान के लिये 97 टेस्ट खेल चुके अजहर पिछले साल ही चयनकर्ता बने थे, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की कार्यप्रणाली से काफी नाराज थे।

पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान अजहर अली ने राष्ट्रीय चयन समिति से इस्तीफा दे दिया है और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के युवा विकास विभाग के प्रमुख का पद भी छोड़ दिया है।

विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को इस्तीफा सौंप दिया। इससे पहले पूर्व टेस्ट कप्तान सरफराज अहमद को पाकिस्तान शाहींस और अंडर 19 टीमों की पूरी जिम्मेदारी सौंप दी गई। सूत्र ने कहा, 'अजहर ने बोर्ड को इस सप्ताह इस्तीफा सौंप दिया जो स्वीकार कर लिया गया।' पाकिस्तान के लिये 97 टेस्ट खेल चुके अजहर पिछले साल ही चयनकर्ता बने थे, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की कार्यप्रणाली से काफी नाराज थे।

# 'कुछ लोगों का अपना एजेंडा होता है', पिच विवाद पर गौतम गंभीर को मिला सितांशु कोटक का समर्थन

**गुवाहाटी।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट मैच में भारत को करारी शिकस्त मिली थी। इसके बाद गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पिच को सही ठहराया और कहा कि यह बिल्कुल वही पिच थी जो हमने मांगी थी। इस पर अब बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने बात की है।

भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच सिंताशु कोटक ने कोलकाता की पिच को लेकर छिड़े विवाद पर मुख्य कोच गौतम गंभीर का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों का अपना एजेंडा होता है। दरअसल, ईडन गार्डन्स पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट मैच में भारत को करारी शिकस्त मिली थी। इसके बाद गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पिच को सही ठहराया और कहा कि यह बिल्कुल वही पिच थी जो हमने मांगी थी।

**गंभीर ने क्यों दिया ऐसा बयान?**




गंभीर के इस बयान पर क्रिकेट जगत के तमाम दिग्गजों ने सवाल खड़े किए। अब टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने इस विषय पर खुलकर बात की है। उन्होंने बताया कि गंभीर ने ऐसा बयान पिच क्यूरेटर्स को बैकलैश से बचाने के लिए दिया था। कोटक ने कहा, 'गौतम ने कहा कि उन्होंने दोष अपने ऊपर ले लिया क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि क्यूरेटर दोष लें। जब हम घर में खेलते हैं तो हम स्पिन पर भरोसा करते हैं। हम आमतौर पर उम्मीद करते हैं कि मैच चार से साढ़े चार दिन तक चलेगा और स्पिन को भी थोड़ी मदद मिलेगी। पहले और दूसरे दिन तेज गेंदबाज गेम में बने रहते हैं।'

**पिच पर क्या बोले कोटक?**

भारत को ईडन गार्डन्स की चुनौतीपूर्ण पिच पर 30 रन की हार का सामना करना पड़ा, जिसके साथ मेहमान टीम ने दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली। कोटक ने आगे कहा कि ईडन गार्डन्स की पिच उम्मीद से बहुत पहले खराब हो गई थी। उन्होंने कहा, 'पिछले गेम में जो हुआ, उसकी उम्मीद नहीं थी। पहले दिन के बाद, पिच टूटने लगी। क्यूरेटर भी ऐसा नहीं चाहता था। स्पिन की उम्मीद थी, लेकिन उतनी नहीं, और निश्चित रूप से पहले दिन या दूसरे दिन की सुबह तो बिल्कुल नहीं।'

कोटक ने टर्निंग ट्रैक पर बैटिंग के टेक्निकल पहलुओं पर भी बात की, और फुटवर्क और इरादे की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'ऐसे विकेट पर, आपका फुटवर्क अच्छा होना चाहिए। अगर आप अच्छी लेंथ चुनते हैं आगे या पीछे, तो आप कहीं भी बैटिंग कर सकते हैं। बहुत ज्यादा डिफेंसिव होने से भी आप आउट हो सकते हैं क्योंकि बॉलर लगातार एक ही एरिया में हिट करते रहते हैं।' इस दौरान कोटक ने गंभीर का समर्थन किया।

# कप्तान गिल का शुक्रवार को होगा फिटनेस टेस्ट, दूसरे टेस्ट में खेलना संदिग्ध




## पंत संभालेंगे कप्तानी?

**गुवाहाटी।** भारत के कप्तान शुभमन गिल की दूसरे टेस्ट में उपलब्धता को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट के दौरान गिल को गर्दन में तेज दर्द (नेक स्पैज्म) हुआ था, जिसके बाद से वे नेट्स में अभ्यास नहीं कर पाए हैं। टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने संकेत दिया कि गिल शुक्रवार को फिटनेस टेस्ट से गुजरेंगे, जो यह तय करेगा कि वे दूसरे टेस्ट में खेल पाएंगे या नहीं।

दूसरा और अंतिम टेस्ट शनिवार से शुरू होना है।

**बड़ा सवाल: क्या जोखिम लेना सही होगा?**

कोटक के मुताबिक, मेडिकल टीम अंतिम क्षण तक इंतजार कर रही है, लेकिन फैसला बहुत सोच-समझकर लिया जाएगा। उन्होंने कहा, 'भले ही वह ठीक दिखें, सबसे बड़ा सवाल यह है कि मैच के दौरान स्पैज्म दोबारा तो नहीं होगा। अगर जरा भी शक हुआ तो वे एक मैच और आराम करेंगे।' गिल न केवल कप्तान हैं, बल्कि भारतीय बल्लेबाजी क्रम के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ भी हैं। कोटक ने स्वीकार किया कि उनकी कमी टीम को जरूर महसूस होती है, लेकिन बैकअप खिलाड़ियों पर भरोसा भी जताया।



**बेंच स्ट्रेंथ पर भरोसा**

कोटक ने कहा कि भारत के पास कई अच्छे बल्लेबाज उपलब्ध हैं और कोई भी मौका मिलने पर बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। उन्होंने कहा, 'अगर गिल नहीं खेलते, तो हमारे पास ऐसे बल्लेबाज हैं जो टीम के लिए बड़ी पारी खेल सकते हैं। शायद जो आएगा, वह शतक भी लगाए।'

**ध्रुव जुरेल हो सकते हैं विकल्प**

पहले टेस्ट की दूसरी पारी में ध्रुव जुरेल ने नंबर-4 पर बल्लेबाजी की थी। कोटक ने इस विकल्प को खुला बताया, लेकिन साफ कहा कि संयोजन गिल की उपलब्धता पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा, 'शुभमन की स्थिति स्पष्ट होने के बाद ही हम अंतिम संयोजन तय करेंगे।'

**पहले टेस्ट में गिल की कमी साफ दिखी**

कोटक ने स्पष्ट कहा कि पहले टेस्ट में भारत की हार में गिल की अनुपस्थिति एक बड़ा फैक्टर थी। उनके मुताबिक, 'अगर गिल पहली पारी में बल्लेबाजी करते और एक बड़ा साझेदारी होती, तो मैच का नतीजा अलग हो सकता था। दूसरी पारी तक मामला शायद पहुंचता ही नहीं।'

**कम से कम 10 दिन की जरूरत**

सूत्रों के मुताबिक, गिल को पूरी तरह फिट होने में करीब 10 दिनों का समय लग सकता है। अगर वे दूसरा टेस्ट खेलते हैं, तो संभावना है कि उन्हें 30 नवंबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज से आराम दिया जाए।

# महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि

**नई दिल्ली।** कम उम्र में इतनी बड़ी उपलब्धियां अंतिम पंघाल को भारतीय कुश्ती की सबसे चमकदार प्रतिभाओं में शामिल करती हैं। अंतिम पंघाल भारत की उभरती हुई स्टार महिला पहलवान हैं, जिन्होंने कम उम्र में देश के लिए कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। 31 अगस्त 2004 को हरियाणा के हिसार जिले के भगाना गांव में जन्मीं अंतिम अपने परिवार की चौथी बेटी हैं। गांव की परंपरा के कारण उनका नाम 'अंतिम' रखा गया, लेकिन खेलों में उन्होंने हमेशा पहली बनकर दिखाया।

उनके पिता रामनिवास पंघाल और मां कृष्णा कुमारी ने बेटियों का हमेशा साथ दिया। बड़ी बहन सरिता राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी खिलाड़ी हैं, जिनसे प्रेरित होकर अंतिम ने कुश्ती की राह चुनी।




कोच की देखरेख में अंतिम ने कठिन ट्रेनिंग की और युवा स्तर पर लगातार चमकती रहीं। उन्होंने अंडर 17 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य, अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में रजत और अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता। मात्र 17 साल की उम्र में अंतिम पंघाल ने इतिहास रचते हुए भारत की पहली अंडर-20 विश्व चैंपियन बनीं। उन्होंने 2022 और 2023, दोनों बार यह खिताब जीता।




# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने किया 2.5 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ

## जनचौपाल लगाकर लोगों की सुनी जनसमस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश

**सीवर के कारण सभी क्षतिग्रस्त सड़कों को गुणवत्ता के साथ ठीक करें ठेकेदार अन्यथा होगी कड़ी कार्यवाही**



**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर द्वारा आज डीएलएफ अंकुर विहार में कुल 2.5 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले महत्वपूर्ण विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया।

इन कार्यों में डीएलएफ के मुख्य मार्ग एम.एम. रोड पर जलनिकास हेतु नाले का निर्माण तथा मार्ग चौड़ीकरण के तहत दोनों तरफ इंटरलॉकिंग बिछाने का कार्य शामिल है। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन प्रशांत ठाकुर ने किया। मंडल अध्यक्ष राहुल श्याम सुंदर, उपाध्यक्ष विपिन कसाना, मंडल मंत्री प्रशांत झा,विजय कुमार मिश्रा, सुरेश पाल, सरदार करण सिंह, सचिन चौधरी, जिलाध्यक्ष आरती मिश्रा, ललिता रानी, प्रिया, ममता झा, रविंद्र सिँह भाई जी, भोपाल चौधरी, सभासद जीतू चौधरी, अनुज त्यागी, आशीष जैन, रवि त्यागी, ओपी पाण्डेय, आर पी पाण्डेय, विकास पाण्डेय, जीतेन्द्र सिँह, गौरव कसाना, नरेश पोद्दार, एके गोयल, मेहर चंद प्रधान व अन्य सैकड़ों की संख्या में स्थानीय व जीडीए एक्सन राजीव, जेई अनिल सिंह आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में स्थानीय लोगों द्वारा उठाई गई जनसमस्याओं को सुनकर विधायक ने निस्तारण सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किए। इस दौरान विकास कार्यों के लिए स्थानीय लोगों ने ढोल के साथ पुष्पवर्षा करते हुए लड्डू वितरण कर विधायक नंदकिशोर गुर्जर का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### लोनी विकास के नए आयामों की ओर बढ़ रहा है : विधायक

**करंट क्राइम।** जनचौपाल के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि लोनी में बिजली, सड़क, चिकित्सा, कानून व्यवस्था एवं शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीवर के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनर्निर्माण कराया जाएगा और किसी भी ठेकेदार द्वारा लीपापोती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसी स्थिति पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। विधायक ने यह भी कहा कि मार्ग पर किए गए अतिक्रमण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोनी विकास के नए आयामों की ओर बढ़ रहा है और आने वाले समय में जनसुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। इस दिशा में हम कार्य कर रहे है।




### फूल वालों की सरकार है और नल वाले तो बस फील ले रहे हैं

वैसे तो ये सवाल ही अपने आप में एक बहुत बड़ा बवाल है कि सत्ता के मजे ले कौन रहा है। जो निगम में इस बात का दावा करते हैं कि सरकार हमारी है वो एक मिनट्स बुक के लिए कई दिनों तक ईधर से उधर घूमते रहे। जो क्रान्तिकारी विधायक बनते हैं उन्हें एक अफसर के लिए पांच लैटर लिखने पड़े। जिस जनप्रतिनिधि को ये लगता है कि पार्टी के बड़े नेता उन्हें इग्नोर नहीं कर सकते, उनका भी डायलोग था कि आई विल सी यू आफ्टर जून। फिर शहर गवाह है कि अफसर डटे रहे थे और रोज सूरज भी निकला और रोज निकला था मून। कौन पावर में है और कौन पावर के करंट से दूर है इस बात का जिक्र जब फ्लॉवर वालों में चला तो हैंडपम्प वाले भी वहीं मौजूद थे। देवतुल्य ने भी हंसकर कहा कि हमारी तो केवल सरकार है बाकी सरकार वाली फील तो हैंडपम्प वाले ले रहे हैं। उसने कहा कि ना किसी अधिकारी से हैंडपम्प वालों की तकरार होती है। जब कोई मंत्री आता है तो हैंडपम्प वाले ये भी नहीं बताने जाते कि हमारी कोई अफसर नहीं सुन रहा तो भईया सही में तो ये नल वाले सरकार के सहयोगी हैं और फील भी यही ले रहे हैं। बस ये अलग बात है कि जब चुनाव आता है तो फूल वाले ही इन फील वालों को ना प्रचार में साथ लेते हैं और ना ही कोई जिम्मेदारी उन्हें देते हैं। वो लहजों से जता देते हैं कि तुम आओ तो भी ठीक और ना आओ तो और भी ठीक।

### अगर ठाकुर ही करते सपोर्ट तो पुण्डीर से लेकर तोमर जी को मिलते जीतने लायक वोट

चुनाव अभी दूर हैं लेकिन कुछ समीकरण जुबानों पर बन रहे हैं, कुछ समीकरण सियासत खानों पर बन रहे हैं। जिन्हें टिकट तय करना है वो तो अभी इस बारे में सोच भी नहीं रहे। मगर माहौल बनाने वाले इस चक्कर में दिन रात सोच रहे हैं। सियासी गली में इन दिनों ये चर्चा चली है कि ठाकुरों को कुछ नहीं मिल रहा और उन्हें मिलना चाहिए। ये बात सुन रहे जनरली एक ब्राह्मण चेहरे ने कहा कि ठाकुर होने या ना होने से कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने बता भी दिया कि धौलाना जैसी छोटी विधानसभा में भाजपा ने ठाकुर कार्ड खेला और गुरूजी को टिकट दिया। चार बार के लोकसभा सांसद रहे गुरूजी को भाजपा की लहर में धौलाना जैसी सीट पर डीफीट मिल गयी। चलो उन्हें छोड़ों और केसरिया पुण्डीर को देख लो। वो तो नाराज होकर केसरिया बाना छोड़कर नील में रंग गये और उसके बावजूद भी लोकसभा जैसे बड़े चुनाव में एक लाख वोट नहीं ले पाये। यहां पर बात का सार ये रहा कि अगर ठाकुर ही सपोर्ट कर देते तो पुण्डीर को सम्मानजनक वोट तो मिलते। इसलिए बात बिरादरी की नहीं है, बात तो पार्टी की है। बिरादरी का सपोर्ट ही आधार होता तो दिवंगत सुरेश बंसल तीन दलों के सपोर्ट से चुनाव लड़कर नहीं हारते। सिकन्दर यादव डिफीट नहीं खाते।

### अभी तो इतनी सुन भी रहे हैं और अगले साल तो सुपरवाईजर भी नहीं सुनेगा

कमाल ये हुआ है कि केन्द्र में सरकार रिपीट, प्रदेश में सरकार रिपीट और निगम में सुपर बहुमत है। मगर कमाल ये है कि जिनकी सरकार है वो तकरार करते घूम रहे हैं और जो विपक्ष वाले हैं वो मौज वाली फिलिंग में हैं। विपक्ष का कोई पार्षद शिकायत करता नहीं दिखेगा। चेहरे से , मोहरे से , लहजे से जुबान से सैटिसफैक्शन नहीं दिखेगा। उन्हें ये शिकायत की फंड नहीं मिला, उन्हें ये शिकायत की वो इंतजार करते रहे अफसर नहीं मिला। भाजपा वालों की सुनने और ना सुने जाने की बात पर निगम वाले तत्व ने ही सार गर्भित बात कही। उसने कहा कि इन्हें ये खबर नहीं है कि अभी तो सुन भी रहे हैं मगर 2026 की होली के बाद इनकी बोली कैसी भी रहे, हमारी बोली बदल जायेगी। निगम वाले ने कहा कि पुराने पार्षद बता देंगे कि जब एक साल रह जाता है तो कई के मन में बहुत मलाल रहा जाता है। उसने बताया कि अफसर से लेकर सुपरवाईजर तक फिर सुनना बंद कर देते हैं। ये निगम की परिपाटी है और जिन्हें किसी बात का भ्रम हो वो भी समझ लें कि वो साल ऐसा होता है जब हमारे ही नियम हैं और हमारी ही लाठी है। पता चला कि लहजे तो एक साल पहले बदलने शुरू हो जाते हैं और पूरी तरह से मामला 6 महीने पहले स्पीड पकड़ लेता है। बताने वाले ने बताया कि उन्हें खबर नहीं है कि फिर इन्हें हम जनप्रतिनिधि मानना ही बंद कर देते हैं। पुराने वाले पार्षद बता देंगे कि 6 महीना पहले तो निगम के अफसर छोड़ो, सुपरवाईजर और चपरासी भी फोन उठाना बंद कर देते हैं।

## गाजियाबाद में वायु गुणवत्ता सुधार अभियान तेज नगर आयुक्त ने टीम का उत्साहवर्धन किया





### अवैध पोस्टरों पर सख्ती, ग्रीन बेल्ट सौंदर्यकरण और धूल-मुक्ति पर विशेष जोर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बुधवार को वायु गुणवत्ता सुधार के तहत चल रहे महा अभियान का निरीक्षण किया। कवि नगर जोन में हापुर चुंगी से एएलटी चौक और सेक्टर-23 संजय नगर फ्लाईओवर होते हुए दुहाई कट तक उन्होंने प्रमुख मार्गों का जायजा लिया, जहां नगर निगम की टीमें वॉटर स्प्रिंकलर, वॉटर टैंकर और एंटी स्मोक गन से धूल नियंत्रण का काम कर रही थीं। निर्माण विभाग ने सी एंड डी वेस्ट हटाया, जबकि सफाई मित्रों ने सड़कों और डिवाइडरों से धूल साफ की। नगर आयुक्त ने बताया कि वायु गुणवत्ता सुधार निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी पांचों जोन में स्वास्थ्य, जलकल, निर्माण और उद्यान विभाग संयुक्त रूप से अभियान चला रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि जहां अभियान अब तक नहीं पहुंचा है, वहां तुरंत कार्रवाई की जाए।

ग्रीन बेल्ट सुधार के लिए प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज को पौधों की कटिंग, पानी का छिड़काव और हरित पट्टी को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए। वहीं, मुख्य अभियंता निर्माण को राजनगर एक्सटेंशन रेड लाइट चौराहे को बेहतर स्वरूप देने के लिए कहा गया। शहर की सुंदरता बिगाड़ने वाले अवैध पोस्टरों पर नाराजगी जताते हुए नगर आयुक्त ने प्रभारी विज्ञापन को तत्काल पोस्टर और अवैध बोर्ड हटाने के निर्देश दिए।

आरआरटीएस पिलरों पर लगे पोस्टरों को देखकर भी उन्होंने मौके पर ही कार्रवाई शुरू करवाई। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार और नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश भी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने टीम का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि महा अभियान लगातार जारी रहेगा और मुख्य मार्गों के साथ-साथ सटे क्षेत्रों को भी धूल-मुक्त बनाया जाएगा।

## कौशांबी के कैलाश त्रिशूल टावर में राम कथा का आयोजन पार्षद कुसुम गोयल और डॉ मनोज गोयल ने कथावाचक का आशीर्वाद लिया



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी स्थित कैलाश त्रिशूल टावर में राम कथा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद कुसुम गोयल और पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल ने कथावाचक कृष्ण जी ठाकुर का आशीर्वाद लिया। कथा में राम विवाह के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

कैलाश टावर के मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश दीक्षित द्वारा सभी आए श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर उषा अग्रवाल, जगमोहन शर्मा, रामा शर्मा, केवल सेठी, वीणा सेठी, एस के वैश्य, रेखा वैश्य, उषा गुप्ता, लक्ष्मीकांत चानना, कामिनी भदोरिया, राकेश जकेतिया, गौरव वर्मा, पवन गुप्ता, मनीष जैन, नरेंद्र सिंह, अशोक गर्ग, राजेंद्र गोयल, स्नेह लता, मंजू कपूर, सरोज वर्मा, अशोक गर्ग, रविंद्र नगर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने झंडापुर गांव में चलाया अभियान





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने झंडापुर गांव में बूथ संख्या 286 से 295 तक के सभी बीएलओ के साथ बैठकर एसआईआर वोटों का निरीक्षण किया और अपने कार्यालय के बाहर कैंप लगाकर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने और बोगस नाम हटवाने के लिए फार्म जमा करने के लिए प्रेरित किया। इस अभियान के दौरान पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने कहा कि हर पात्र नागरिक को मतदाता बनने का अधिकार है और हमें इस प्रक्रिया में उनकी मदद करनी चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए फार्म जमा करें और अपने मताधिकार का उपयोग करें।

## नीति खंड 3 मंदिर वाले पार्क विकास कार्य का हुआ उद्घाटन



### पार्षद डॉ अनिल तोमर ने किया शुभारंभ

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम वार्ड 98 के नीति खंड 3 मंदिर वाले पार्क के सौंदर्य करण के कार्य का शुभारंभ पार्षद डॉ अनिल तोमर ने किया। इस अवसर पर उनके साथ पार्षद प्रतिनिधि डॉ लीना चौहान तोमर, पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप गुप्ता, पिंटू तोमर, राजपूत विकास सूर्यन, संजीव चौहान, मनोज झा, गोपीचंद, संदीप रावत, अर्जुन रावत, महेश चंद शर्मा, डॉ एंबेस, संजय अधिकारी, वीर सिंह, डालचंद, मानवेंद्र, राजकुमार शर्मा, चड्ढा जी, अर्चना मिश्रा, रावत अंकल, शर्मा अंकल और नीति खंड 3 के गणमान्य निवासी उपस्थित रहे। पार्षद डॉ अनिल तोमर ने कहा कि इस पार्क के सौंदर्य करण से क्षेत्र के लोगों को एक अच्छा स्थान मिलेगा जहां वे अपने परिवार के साथ समय बिता सकेंगे। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हैं और इस तरह के कार्य आगे भी जारी रहेंगे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण में आ रही समस्या

▶ शहीद नगर वार्ड 34 में बीएलओ की अनुपस्थिति से लोगों में आक्रोश



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शहीद नगर वार्ड 34 की पार्षद खुर्शीदा कल्लन ने जिला अधिकारी को पत्र लिखकर बताया है कि उनके वार्ड 34 में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य चल रहा है, लेकिन भाग संख्या 210 के बीएलओ अभी तक अपने बूथ पर अनुपस्थित हैं। इससे लोगों को एसआईआर का फॉर्म नहीं मिल पा रहा है, जिससे लोगों में आक्रोश है। पार्षद खुर्शीदा कल्लन ने जिला अधिकारी से इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने मतदाता सूची में नाम जोड़ने और बोगस नाम हटवाने के लिए फार्म जमा करने का अधिकार है, और इस प्रक्रिया में उनकी मदद करना हमारी जिम्मेदारी है।




## अब पोस्टिंग में दिखेगा कास्ट फैक्टर

पुलिस में भी राजनीति की तरह कास्ट फैक्टर मैटर करता है। ऐसा हम नहीं विभाग वाले ही बता रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते दिनों हुई ट्रांसफर पोस्टिंग के बाद अब चौकी प्रभारियों की लिस्ट आने की चर्चा सुनाई दे रही है। तो वहीं इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट में बीते दिनों जो लिस्ट आई है, जहां कास्ट फैक्टर जमकर दिखा है। तो कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में आईपीएस और पीपीएस अधिकारियों की लिस्ट में भी इसका असर देखने को मिलेगा। प्रदेश में बैठे एक अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अब प्रदेश में जिस भी स्तर के अधिकारियों की पोस्टिंग होगी, उसमें इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि उसमें कास्ट फैक्टर रहे। दरअसल सत्ताधारी दल के करीब रहने वाले अधिकारियों द्वारा नियुक्ति विभाग में यह जानकारी दी गई है कि कई विपक्षी दल सरकार की पोस्टिंग पर ध्यान रख रहे हैं और वह इसको चुनावी मुद्दा बना सकते हैं। तो पुलिस में एक जाति विशेष को लेकर सरकार पर पहले भी आरोप लगे हैं। तो वह दोबारा ना लगे, इसको लेकर प्रदेशभर में इस बात को ध्यान दिया जा रहा है, तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट स्तर पर होने वाली पोस्टिंग में भी यह बात ध्यान में रखी गई थी। अब पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले समय में जो भी पोस्टिंग होगी, उसमें कास्ट ट्रैक्टर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि गुरुवार को नदिया पार में साहब के कार्यालय पर महत्वपूर्ण बैठक हुई थी। जिसमें एसीपी और थाना प्रभारी भी मौजूद थे। मीटिंग के तहत कई तरीके के प्लान और अभियान पर चर्चा की गई है। वही जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अलग-अलग जोन में कमिश्नरेट के नंबर दो वाले साहब अपराध समीक्षा से लेकर अर्दली रूम ले रहे हैं, उससे वह सीधे अलग-अलग जोन और सर्किल के पुलिस अधिकारियों से बातचीत कर रहे हैं। तो वहीं उनकी बेहतर पुलिसिग, मधुर व्यवहार और जानकारी भी बड़ी संख्या में पुलिस के बीच तक पहुंच रही है। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से बुधवार की रात को पुल के बराबर वाले थाने में टेंट लगाकर अर्दली रूम हुआ है, उसकी चर्चा जोरों पर है। इसके बेहतर रिजल्ट आएंगे।



## राजकीय आईटीआई गाजियाबाद में आज रोजगार मेले का आयोजन

### आईटीआई उत्तीर्ण और तकनीकी प्रशिक्षार्थियों के चयन हेतु एनसीआर की कंपनियां करेंगी भागीदारी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गाजियाबाद (मुरादनगर) में आज रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें गाजियाबाद और एनसीआर क्षेत्र की विभिन्न कंपनियाँ तकनीकी योग्य अभ्यर्थियों को रोजगार अवसर प्रदान करेंगी। संस्थान प्रशासन के अनुसार, रोजगार मेले में आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों सहित अन्य तकनीकी प्रशिक्षार्थियों को अलग-अलग ट्रेड के आधार पर चयनित किया जाएगा। मेले में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को अपने सभी शैक्षिक एवं तकनीकी प्रमाणपत्रों सहित उपस्थित होना अनिवार्य है।

### ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों तरह से पंजीकरण की सुविधा

**करंट क्राइम।** अभ्यर्थी संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट www.gitighaziabad.co.in विकल्प के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। साथ ही, अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संस्थान परिसर में हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है, जहाँ इच्छुक उम्मीदवार अपने प्रमाणपत्रों के साथ उपस्थित होकर ऑफलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। संस्थान ने अधिक से अधिक अभ्यर्थियों से रोजगार मेले में भाग लेने की अपील की है, ताकि युवाओं को स्थानीय व क्षेत्रीय उद्योगों में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें।

## सुंदरदीप फार्मेसी कॉलेज के छात्रों का यूनानी चिकित्सा संस्थान में शैक्षणिक भ्रमण







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एस. डी. जी. आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद के अंतर्गत संचालित सुंदरदीप फार्मेसी कॉलेज ने बी. फार्म द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया। यह भ्रमण नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ यूनानी मेडिसिन, गाजियाबाद में संपन्न हुआ। भ्रमण का संचालन प्रो. आर. डी. गुप्ता, निदेशक (सुंदरदीप फार्मेसी कॉलेज) के निर्देशन और सुष्मिता मिश्रा, सहयोगी प्राध्यापक एवं गतिविधि संयोजक के मार्गदर्शन में किया गया।

भ्रमण के दौरान फैकल्टी सदस्य डॉ. नितिन कुमार (प्रोफेसर, एस.डी.पी.सी.), नेहा जैन (एसोसिएट प्रोफेसर, एस.डी.पी.सी.), खुशबू बंसल (असिस्टेंट प्रोफेसर, एस.डी.पी.सी.) और स्टाफ सदस्य कपिल छात्रों के साथ उपस्थित रहे। प्रो. आर. डी. गुप्ता ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं।

इस भ्रमण के सफल आयोजन में संस्थान के चेयरमैन एवं चांसलर महेन्द्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल, प्रो-चांसलर (एडमिन) विमल कुमार शर्मा, प्रो-चांसलर (प्लानिंग) पीयूष श्रीवास्तव, वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) परसंजीत कुमार, डीन अकैडमिक्स डॉ. ए. शनमुगनाथन और रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन का निरंतर मार्गदर्शन और प्रोत्साहन प्राप्त हुआ।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एमएलसी दिनेश गोयल का व्यक्तित्व ऐसा है कि वह हमेशा अपनों की खुशी में शामिल होते हैं। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया के सुपुत्र तथा हापुड़ के भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश तोमर की सुपुत्री के सगाई समारोह में एमएलसी दिनेश गोयल पहुंचे और वर वधु को आशीर्वाद प्रदान किया। खुशी के इस पल को एमएलसी दिनेश गोयल ने फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# इंडोनेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट

## माउंट सेमेरू पर 170 से ज्यादा पर्वतारोहियों को बचाया गया

**इंडोनेशिया का माउंट सेमेरू ज्वालामुखी, जिसे महामेरू भी कहा जाता है, एक बार फिर सुर्खियों में है। दरअसल ज्वालामुखी में अचानक विस्फोट हुआ है और वहां कैम्पिंग कर रहे 170 से ज्यादा पवतारीही फंस गए। हालांकि इंडोनेशियाई अधिकारियों ने सभी सुरक्षित निकाल लिया है।**



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर मौजूद देश के सबसे ऊंचे ज्वालामुखी माउंट सेमेरू में अचानक हुए विस्फोट के बाद करीब 178 पर्वतारोही और स्थानीय लोग फंस गए थे। गुरुवार को इंडोनेशियाई अधिकारियों ने बताया कि सभी को सुरक्षित वापस लाया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक ये लोग रानू कुम्बोलो नाम के कैम्पिंग एरिया में रुके हुए थे, जो खतरे के मुख्य क्षेत्र से बाहर है। हालांकि, वहां भी ज्वालामुखी की राख पहुंची और पर्वतारोहियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

सेंटर फॉर वोल्केनोलॉजी एंड जियोलॉजिकल डिजास्टर मिटिगेशन के एक और अधिकारी, हेट्टी ट्राइस्टुटी ने कहा कि रानू कुम्बोलो एक सुरक्षित इलाका है जो क्रेटर से आठ किलोमीटर (5 मील) के मुख्य डेंजर जोन के बाहर है। कैंपिंग एरिया पहाड़ की उत्तरी ढलान पर है, जो दक्षिण-दक्षिण-पूर्व की ओर बढ़ते हुए देखे गए गर्म बादलों के रास्ते में नहीं है।

इंडोनेशिया की जियोलॉजी एजेंसी के चीफ मुहम्मद वाफिद ने कहा कि ईस्ट जावा प्रांत में माउंट सेमेरू से गर्म राख और चट्टान, लावा और गैस के मिक्सचर के जलते हुए बादल निकले, जो बुधवार दोपहर से शाम तक लगातार 13 किलोमीटर (8 मील) तक ढलानों से नीचे तक गए, जबकि गर्म बादलों का एक मोटा गुबार हवा में दो किलोमीटर (1.2 मील) ऊपर उठ गया, जिससे साइंटिस्ट्स ने ज्वालामुखी का अलर्ट सबसे ऊंचे लेवल पर बढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि पाइरोक्लास्टिक डेंसिटी करंट की एक सीरीज पहाड़ की ढलानों से नीचे आई, और ज्वालामुखी मटीरियल के तेज हिमस्खलन दक्षिणी किनारे पर बेसुक कोबोकन नदी घाटी से नीचे उतरते हुए दिखाई दे रहे थे।

वाफिद ने कहा, 'माउंट सेमेरू की भूकंपीय गतिविधि से पता चला कि विस्फोट ऊंचे लेवल पर जारी रहा और हिमस्खलन के सिग्नल की संख्या बढ़ रही थी।'

### दिसंबर 2021 में माउंट सेमेरू में हुआ था बड़ा विस्फोट

माउंट सेमेरू, जिसे महामेरू भी कहा जाता है, इतिहास में कई बार फटा है। दिसंबर 2021 के बड़े विस्फोट में 51 लोगों की मौत हुई थी और हजारों घर तबाह हो गए थे। इंडोनेशिया 'रिंग ऑफ फायर' क्षेत्र में मौजूद है, इसलिए यहां भूकंप और ज्वालामुखी गतिविधियां आम हैं।

### 13 किमी तक फैली गरम राख, गैस और पत्थर

ज्वालामुखी में हुआ विस्फोट बुधवार दोपहर से शाम तक लगातार चलता रहा। इस दौरान माउंट सेमेरू में 13 किलोमीटर तक गरम राख, गैस और पत्थर फैल गए। वहीं ज्वालामुखी विस्फोट के बाद करीब दो किलोमीटर ऊंचा धुएं का गुबार हवा में उठा। इस खतरनाक गतिविधि को देखकर वैज्ञानिकों ने अलर्ट के स्तर को सबसे ऊंचा कर दिया। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि 8 किलोमीटर के खतरे क्षेत्र में कोई न जाए।

### तीन गांवों से हजारों लोग सुरक्षित स्थान पर भेजे गए

लगभग 1,000 लोगों को तीन गांवों से एहतियातन सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। किसी मौत की खबर नहीं है, लेकिन राख के कारण कई गांवों में दिन में अंधेरा छा गया, सल्फर की तेज गंध महसूस हुई, और दो बाइक सवार भी इसके चपेट में आ गए हैं।

# 'तुम खुशकिस्मत हो कि मैं तुम्हारे साथ हूं...', दिग्गज कारोबारी एलन मस्क पर राष्ट्रपति ट्रंप ने कसा तंज



**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अरबपति एलन मस्क पर तंज कसते हुए कहा कि 'तुम खुशकिस्मत हो कि मैं तुम्हारे साथ हूं।' ट्रंप ने इलेक्ट्रिक कार खरीदने वाले मध्यम वर्ग के लोगों को कर में मिल रही छूट का जिक्र किया।**

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अरबपति कारोबारी एलन मस्क पर तंज कसा हैं। इससे दोनों के बीच फिर तकरार बढ़ सकती है। ट्रंप ने मस्क का नाम लेते हुए कहा, तुम खुशकिस्मत हो कि मैं तुम्हारे साथ हूं। अमेरिका-सऊदी निवेश मंच पर अपने संबोधन के दौरान ट्रंप ने यह टिप्पणी की। इससे पहले व्हाइट हाउस में रात्रिभोज पर दोनों साथ दिखे थे, जिससे इस बात के संकेत मिल रहे थे कि उनके बीच तनाव कम हो सकता है।

ट्रंप ने अपने अंदाज में कई बार दोहराया कि उन्होंने मस्क को उनके नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग के छोटे कार्यकाल के दौरान काफी समर्थन दिया। उन्होंने कहा, क्या उन्होंने कभी इसके लिए सही से धन्यवाद किया? कुछ देर बाद उन्होंने मस्क की ओर देखकर कहा, तुम खुशकिस्मत हो कि मैं तुम्हारे साथ हूं, एलन।

इसके बाद ट्रंप ने इलेक्ट्रिक कार खरीदने वालों के लिए कर में छूट के कदम का प्रचार किया। उन्होंने इसे मध्यम वर्ग के लोगों के लिए लाभकारी बताया। उन्होंने कहा, ऐसे लोग जो कार खरीदते हैं, उन्होंने कभी यह सुविधा नहीं देखी। उन्होंने यह भी कहा कि मध्यम वर्ग के लोगों को कर में कटौती का मतलब भी ठीक से नहीं पता। उन्होंने मजाक में कहा, मैं भी कर में कटौती का लाभ उठाता हूं। हम सभी इसका लाभ उठाते हैं।

ट्रंप ने बताया कि उनकी सरकार मध्यम वर्ग के लोगों को कर में छूट देती है, अगर वे कोई महंगी या अच्छी टेस्ला कार खरीदते हैं और इसके लिए पैसा उधार (बैंक या किसी अन्य स्रोत से ऋण) लेते हैं। इसके बाद ट्रंप फिर मस्क की ओर देखकर कहा, तुम खुशकिस्मत हो, मैं तुम्हारे साथ हूं, एलन। फिर उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा, हालांकि, मैं उन्हें (मध्यम वर्ग के लोगों को) इलेक्ट्रिक के अलावा अन्य कारें खरीदने देता हूं, लेकिन ये छोटी बातें हैं।

इसके कुछ घंटों बाद मस्क ने एक्स पर लिखा, 'मैं राष्ट्रपति ट्रंप का धन्यवाद करना चाहता हूं, जो उन्होंने उन्होंने अमेरिका और दुनिया के लिए किया।'

इससे पहले दक्षिणपंथी कार्यकर्ता चार्ली किर्क की हत्या के बाद श्रद्धांजलि सभा में ट्रंप और मस्क एक साथ नजर आए थे।

# वॉशिंगटन में पाइपलाइन लीक, गवर्नर ने आपातकाल घोषित किया ताकि सिएटल एयरपोर्ट को ईंधन मिलता रहे



**अमेरिका के वॉशिंगटन राज्य के गवर्नर ने राज्य में आपातकाल घोषणा की है। दरअसल, एक बड़ी पाइपलाइन में रिसाव के कारण सिएटल-टकोमा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक जेट ईंधन की सप्लाई रुक गई है।**

**वॉशिंगटन।** वॉशिंगटन राज्य के गवर्नर बॉब फर्ग्युसन ने बुधवार को आपातकाल घोषित कर दिया है। वजह है, एक बड़ी पाइपलाइन में रिसाव, जिसकी वजह से सिएटल-टकोमा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक जेट ईंधन की सप्लाई रुक गई है। अगर तुरंत अतिरिक्त इंतजाम नहीं किए गए, तो एयरपोर्ट की उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं।

**एयरपोर्ट पर ईंधन समय पर पहुंचाने के लिए फैसला**

गवर्नर के आदेश के बाद अब ट्रकों की तरफ से जेट ईंधन लाने-ले जाने में ड्राइवरों के घंटों से जुड़े राज्य के नियम अस्थायी तौर पर ढीले कर दिए गए हैं। यह कदम सिर्फ इसलिए उठाया गया है ताकि पर्याप्त ईंधन समय पर एयरपोर्ट पहुंचता रहे। साथ ही, सरकार ने बताया कि सुरक्षित ड्राइविंग के नियम लागू रहेंगे, ताकि कोई जोखिम न हो।

**11 नवंबर को ओलंपिक पाइपलाइन में रिसाव मिला**

दरअसल, 11 नवंबर को सिएटल के उत्तर में, एवरेट और स्नोहोमिश के बीच ओलंपिक पाइपलाइन में रिसाव पाया गया। पाइपलाइन ऑपरेटर बीपी पाइपलाइन्स उत्तरी अमेरिका ने राज्य और संघीय एजेंसियों को सूचना देकर साफ-सफाई और मरम्मत का काम शुरू कर दिया है। गवर्नर कार्यालय ने चेतावनी दी है कि अगर शनिवार तक सप्लाई बहाल नहीं हुई, तो एयरपोर्ट की गतिविधियां 'काफी प्रभावित' हो सकती हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद राफेल के खिलाफ चीन ने चलाया दुष्प्रचार अभियान, अमेरिकी रिपोर्ट में खुलासा

**वॉशिंगटन/नई दिल्ली।** कश्मीर के पहलगाम में इस साल मई में आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य झड़प हुई। इस दौरान चीन ने अपने जे-35 लड़ाकू विमानों को बेचने के लिए राफेल विमानों की बिक्री रुकने की भ्रामक जानकारी फैलाई थी। इसके लिए उसने अभियान चलाया। इसके तहत उसने सोशल मीडिया पर फर्जी खाते बनाकर एआई और वीडियो गेम की तस्वीरें फैलाईं, जिनमें दिखाया गया कि चीन के हथियारोंसे फ्रांस के विमानों को नुकसान पहुंचा। यह खुलासा अमेरिकी सरकार की एक रिपोर्ट में हुआ है।

दरअसल, अमेरिकी कांग्रेस ने हाल ही में अमेरिका-चीन आर्थिक और सुरक्षा समीक्षा आयोग की सालाना रिपोर्ट जारी की है। यह रिपोर्ट 745 पन्नों की है और ऑनलाइन उपलब्ध है। रिपोर्ट में साइबर, आर्थिक, सूचना, महंगाई, कानून और अंतरिक्ष जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में चीन की गतिविधियों की जानकारी दी गई है।

इसमें 97वें पन्ने में राफेल के खिलाफ चीन के दुष्प्रचार अभियान का खुलासा किया गया है।



**अमेरिकी कांग्रेस की वार्षिक रिपोर्ट में क्या कहा गया**

रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने मई 2025 में हुए भारत-पाकिस्तान संघर्ष में पाकिस्तान को हथियार और खुफिया जानकारी दी। भारतीय सेना का कहना है कि चीन ने पाकिस्तानी सेना को भारत की सैन्य स्थिति की लाइव जानकारी दी और इस संघर्ष का इस्तेमाल अपने हथियारों की क्षमता को जांचने के लिए किया। इसमें बताया गया है कि चीन ने 2025 में पाकिस्तान के साथ अपनी सैन्य सहयोग बढ़ाया, जिससे भारत के साथ सुरक्षा तनाव और बढ़ गया। चीन ने इस संघर्ष का फायदा उठाकर अपने हथियारों की क्षमता को दुनिया को दिखाने और हथियारों की बिक्री बढ़ाने की कोशिश की। रिपोर्ट में कहा गया कि यह पहला मौका था, जब चीन की एचक्यू-9 एयर डिफेंस, पीएल-15 एयर-टू-एयर मिसाइल और जे-10 लड़ाकू विमान जैसी आधुनिक हथियार प्रणालियां वास्तविक युद्ध में इस्तेमाल हुए।

# अफ्रीकी देश में खाने-दवाओं की किल्लत

**वॉशिंगटन।** राष्ट्रपति ट्रंप ने हिंसा पर चिंता जताते हुए कहा है कि हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि यह दुनिया का 'सबसे बड़ा मानवीय संकट' बन गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार राजधानी में एक बच्चों के अस्पताल पर कब्जे के दौरान 460 से अधिक मरीजों और मेडिकल स्टाफ की हत्याकर दी गई।

दोनों पक्ष एक-दूसरे पर युद्ध अपराधों के आरोप लगा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि सूडान में 'भयानक अत्याचार' हो रहे हैं और हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि यह दुनिया का 'सबसे बड़ा मानवीय संकट' बन गया है। ट्रंप ने यह बात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक बयान में कही। ट्रंप ने लिखा, 'सूडान में जबरदस्त अत्याचार हो रहे हैं।

# रूसी हैकर को एफबीआई ने थाईलैंड में किया गिरफ्तार



**थाईलैंड के फुकेट द्वीप पर एफबीआई को वांछित एक रूसी हैकर को गिरफ्तार किया गया है, जिस पर अमेरिकी और यूरोपीय सरकारी एजेंसियों पर साइबर हमलों का आरोप है। इस बीच रूस के राजदूत ने जेल में आरोपी से मुलाकात भी की है। वहीं, अमेरिका ने प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध किया है।**

**बैंगकॉक।** थाईलैंड के फुकेट द्वीप पर अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई को वांछित एक कथित रूसी हैकर की गिरफ्तारी ने अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध जांच को नई दिशा दे दी है। अमेरिकी और यूरोपीय सरकारी एजेंसियों पर साइबर हमलों के आरोपों से जुड़े इस मामले ने एक बार फिर वैश्विक साइबर सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। थाई पुलिस के अनुसार, संदिग्ध को औपचारिक तौर पर हिरासत में लेकर प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हालांकि पूरे मामले में रूस की भी कोशिश है कि उसे अमेरिका नहीं बल्कि रूस डिपोर्ट किया जाए।

थाई पुलिस ने बताया कि 35 वर्षीय संदिग्ध 30 अक्टूबर को फुकेट एयरपोर्ट से थाईलैंड में दाखिल हुआ था।वह फिलहाल प्रत्यर्पण की संभावित प्रक्रिया पूरी होने तक हिरासत में है। हालांकि थाई अधिकारियों ने उसका नाम सार्वजनिक नहीं किया है, लेकिन रूस की सरकारी एजेंसी 'रूसिया टुडे' ने उसकी पहचान डेनिस ओब्रेज्को के रूप में की है, जो स्टाव्रोपोल का रहने वाला है। उसके परिजनों ने भी गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए अमेरिका भेजे जाने का विरोध करने का संकेत दिया है।

**अमेरिका ने टिप्पणी से किया इनकार**

अमेरिकी न्याय विभाग ने ईमेल के जरिए कहा कि वह इस मामले में अभी कोई टिप्पणी नहीं करेगा। इसी तरह अमेरिकी विदेश विभाग और थाईलैंड में मौजूद अमेरिकी अधिकारियों ने भी प्रतिक्रिया देने से इनकार किया। हालांकि फुकेट में रूस के कांसुल जनरल यिगोर इवानोव ने बताया कि दूतावास को गिरफ्तारी की आधिकारिक जानकारी मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि संदिग्ध को 6 नवंबर को गिरफ्तार कर उसी दिन बैंकॉक स्थानांतरित कर दिया गया।

**रूसी दूतावास ने की जेल में मुलाकात**

थाईलैंड में रूसी दूतावास के वाणिज्यिक प्रमुख इल्या इलीन ने बताया कि उनके अधिकारियों ने बैंकॉक की जेल में हिरासत में लिए गए नागरिक से मुलाकात की है। उन्होंने बताया कि दूतावास उसके परिजनों से मुलाकात की व्यवस्था कराने में मदद कर रहा है। इलीन ने कहा कि अमेरिकी अनुरोध पर की गई इस गिरफ्तारी को लेकर रूस अपने नागरिक को कानूनी सहायता उपलब्ध कराएगा।

**एफबीआई की सूचना पर हुई गिरफ्तारी**

थाईलैंड के साइबर क्राइम इंवेस्टिगेशन ब्यूरो ने 12 नवंबर को बताया कि एफबीआई से मिली सूचना के बाद ही इस 'वर्ल्ड-क्लास हैकर' की यात्रा का पता लगाया गया था। पुलिस ने होटल पर छापेमारी के दौरान लैपटॉप, मोबाइल फोन और डिजिटल वॉलेट सहित कई जरूरी उपकरण जब्त किए।

### ट्रंप की रणनीति पर बड़ा अपडेट

# शांति बहाली के लिए भेजे गए शीर्ष सैन्य अधिकारी




**अमेरिका का ट्रंप प्रशासन यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए रूस के साथ एक गोपनीय शांति योजना पर काम कर रहा है। इस बीच, युद्ध की स्थिति और शांति प्रयासों पर चर्चा करने के लिए अमेरिकी सेना के सचिव डैन ड्रिस्कॉल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी यूक्रेन भेजे गए हैं।**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका का डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए एक गोपनीय योजना पर काम कर रहा है। इस योजना से जुड़े एक सूत्र ने सीएनएन को बताया कि यह ट्रंप के कार्यकाल के सबसे अहम कूटनीतिक प्रयासों में से एक है। सीएनएन के मुताबिक राष्ट्रपति ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ वॉशिंगटन और मॉस्को के बीच चल रही गोपनीय बातचीत के मुख्य चेहरे हैं। वह इन वाताओं का नेतृत्व कर रहे हैं।

सूत्र ने कहा कि अमेरिकी अदिकारियों का मानना है कि क्रेमलिन किसी संभावित समझौते में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है, इसलिए इस हफ्ते बातचीत में तेजी आई है। इसी बीच सेना के सचिव डैन ड्रिस्कॉल बुधवार को रक्षा मंत्रालय (जिसका नाम बदलकर अब युद्ध मंत्रालय कर दिया गया है) के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम के साथ यूक्रेन पहुंचे। सेना के प्रवक्ता कर्नल डेव बटलर ने कहा कि वह युद्ध खत्म करने के प्रयासों पर चर्चा करने और यूक्रेनी अधिकारियों से मिलने के लिए तथ्य जांच (फैक्ट-चेक) मिशन पर आए हैं।

अमेरिका के एक अधिकारी ने सीएनएन को बताया कि यह दौरा राष्ट्रपति के आदेश पर किया गया है, ताकि सरकार के शांति प्रयासों को फिर से आगे बढ़ाया जा सके। रिपोर्ट में बताया गया है कि ड्रिस्कॉल राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और अन्य शीर्ष यूक्रेनी नेताओं को युद्ध की वास्तविक स्थिति, हथियारों की जरूरत और संभावित कूटनीतिक तरीकों के बारे में जानकारी देंगे। उन्होंने हर दिन यूक्रेनी नागरिकों की जान बचाने में अमेरिकी समर्थन के लिए उनका आभार जताया।

ड्रिस्कॉल पहले की बैठकों में नजर नहीं आए थे। लेकिन वह उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के करीबी सहयोगी माने जाते हैं। दोनों येल लॉ स्कूल में साथ थे।

उनके साथ आने वाले अन्य वरिष्ठ अधिकारियों में आर्मी चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रैंडी जॉर्ज, यूरोप में अमेरिकी सेना के शीर्ष कमांडर जनरल क्रिस डोनाह्यू और आर्मी के सार्जेंट मेजर माइकल वैमर भी शामिल थे। रूस के अधिकारियों ने भी शीर्ष स्तर पर वार्ता जारी होने की पुष्टि की और सीएनएन को बताया कि अमेरिका-रूस की बातचीत जारी है, जिसमें विटकॉफ भी शामिल हैं।

# आज ममदानी से मिलेंगे ट्रंप

**जुबानी वार-पटलवार के बीच पहली बार होगा आमना-सामना**

**वॉशिंगटन/ न्यूयॉर्क ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि न्यूयॉर्क सिटी के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी उनसे शुक्रवार, 21 नवंबर को व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में मुलाकात करेंगे।

ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। ट्रंप ने लिखा, 'कम्युनिस्ट मेयर ऑफ न्यूयॉर्क सिटी, जोहरान 'क्वामे' ममदानी ने मुलाकात का अनुरोध किया है। हम शुक्रवार को ओवल ऑफिस में मिलने पर सहमत हुए हैं। आगे और जानकारी दी जाएगी।'

**चुनाव से पहले और बाद में तीखी बयानबाजी**

ट्रंप और ममदानी के बीच चुनाव अभियान के दौरान से ही तीखा राजनीतिक टकराव चलता रहा है। ट्रंप ने चुनाव से ठीक पहले कहा था कि ममदानी की जीत न्यूयॉर्क सिटी के लिए 'पूरी तरह आर्थिक और सामाजिक तबाही' साबित होगी। वहीं, जीत के बाद अपने जोशीले भाषण में ममदानी ने ट्रंप पर सीधा निशाना साधते हुए कहा था कि न्यूयॉर्क 'प्रवासी लोगों से चलता है, और अब एक प्रवासी इसे नेतृत्व देगा।

उन्होंने ट्रंप को चुनौती देते हुए कहा, 'अगर किसी को ट्रंप को हराना आता है, तो वह वही शहर है जिसने उन्हें जन्म दिया। और अगर किसी तानाशाह को डराना है, तो उसकी सत्ता की बुनियाद को बदल दो। ट्रंप, अगर आप देख रहे हैं, तो वॉल्यूम बढ़ा लीजिए।'

**ट्रंप की प्रतिक्रिया- 'बहुत गुस्से वाला भाषण'**

ट्रंप ने ममदानी के भाषण को 'बहुत गुस्से से भरा' बताया और कहा कि इस रवैये से वे सफल नहीं हो पाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पहल ममदानी को करनी चाहिए थी, 'मैं तो यहां हूं। देखेंगे क्या होता है।

लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें ही पहले संपर्क करना चाहिए था।' इसके साथ ही ट्रंप ने यह भी जोड़ा कि 'मैं चाहता हूं कि नया मेयर अच्छा करे, क्योंकि मैं न्यूयॉर्क से प्यार करता हूं।'

### अफगान नागरिकों पर पाकिस्तान में कार्रवाई तेज

# पंजाब प्रांत ने छह हजार लोगों को वापस भेजा अफगानिस्तान

**पंजाब सरकार की मंत्री ने कहा, ₹पंजाब से अवैध अफगान निवासियों की वापसी प्रक्रिया सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही है और सरकार इस संबंध में अपनी जीरो-टॉलरेंस नीति का सख्ती से पालन कर रही है।**




**लाहौर।** पाकिस्तान में अवैध अफगान नागरिकों पर एक्शन जारी है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने अवैध अफगान निवासियों के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। केवल नवंबर के महीने में ही 6,000 से ज्यादा लोगों को अफगानिस्तान वापस भेजा जा चुका है। पंजाब सरकार के मंत्री ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि हुकूमत ने 13 करोड़ की आबादी वाले प्रांत में अवैध रूप से रह रहे अफगानों के बारे में जानकारी देने वाले पाकिस्तानियों को 'नकद इनाम' भी दिया है।

पंजाब की सूचना मंत्री आजमा बुखारी ने एक बयान में कहा, ₹पंजाब में अवैध रूप से रह रहे अफगानों के खिलाफ अभियान जोरों पर है। प्रांत भर में यह कार्रवाई संगठित, कानूनी और प्रभावी तरीके से की जा रही है। आजमा बुखारी ने कहा कि पंजाब सरकार ने नागरिकों को व्हिसलब्लोअर तंत्र के तहत जानकारी साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया है, नतीजतम कई लोग सटीक और कार्रवाई योग्य खुफिया जानकारी प्रदान कर रहे हैं। बुखारी ने कहा, अवैध रूप से रह रहे अफगानों नागरिकों की पहचान करने वालों को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे और हर मुखबिर की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि नवंबर में पंजाब से 6,220 अवैध अफगान नागरिकों को अफगानिस्तान वापस भेजा गया है और यह अभियान प्रभावी ढंग से जारी रहेगा।

उन्होंने कहा, पंजाब से अवैध अफगान निवासियों की वापसी प्रक्रिया सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही है और सरकार इस संबंध में अपनी जीरो-टॉलरेंस नीति का सख्ती से पालन कर रही है। बीते महीने पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने प्रांत में अवैध रूप से रह रहे लगभग 22,000 अफगान नागरिकों को वापस भेजा था। उन्होंने बताया कि विदेशी (अफगान) नागरिकों को वापस भेजने के अभियान का तीसरा चरण शुरू हो गया है। पंजाब सरकार ने पिछले महीने लाहौर से 325 किलोमीटर दूर मियांवाली के 'कोट चांदना' में स्थित आखिरी अफगान शरणार्थी शिविर को गैर-अधिसूचित कर दिया था।



हालांकि, खैबर पख्तूनख्वा में ऐसे चार और बलूचिस्तान में 10 शिविर अभी भी चल रहे हैं। तीसरे चरण की शुरूआत से पहले पंजाब सरकार ने पाकिस्तान की अवैध विदेशी प्रत्यावर्तन योजना (क्म्र्फ्ढ) के तहत अप्रैल से सितंबर तक लगभग 43,000 अफगान नागरिकों को वापस भेजा था। सभी अवैध निवासियों को पूरी तरह से बाहर निकालने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को हाई अलर्ट पर रखा गया है। पंजाब सरकार के पास अभी भी प्रांत में 46 कार्यात्मक हिरासत केंद्र हैं, जिनमें लाहौर में पांच शामिल हैं। इन हिरासत केंद्रों में अवैध रूप से रह रहे अफगान नागरिकों को तब तक रखा जाता है, जब तक उन्हें अफगानिस्तान में प्रवेश के लिए तोरखम सीमा तक नहीं पहुंचा दिया जाता।

संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी एजेंसी ने बताया कि 35 लाख से अधिक अफगान पाकिस्तान में रह रहे हैं, जिनमें लगभग 7,00,000 लोग शामिल हैं जो 2021 में तालिबान के कब्जे के बाद आए थे। संयुक्त राष्ट्र ने अनुमान लगाया कि उनमें से आधे लोग बिना दस्तावेज के थे। शहबाज शरीफ सरकार ने अफगान नागरिकों को वापस भेजने के फैसले पर कहा कि शरणार्थियों की बड़ी तादात राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर रही है और सार्वजनिक सेवाओं पर दबाव डाल रही है, इसलिए उन्हें निर्वासित किया जाना चाहिए।




# शहर विधानसभा में 'रन फॉर यूनिटी' मार्च सम्पन्न, उमड़ी भीड़

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर शहर में दिखा एकता का उत्साह






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश की एकता और अखंडता के प्रतीक लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शहर विधानसभा क्षेत्र में 'रन फॉर यूनिटी' मार्च का आयोजन किया गया। सुबह से ही समाजसेवी, विभिन्न व्यापार मंडलों के पदाधिकारी, कई विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ, आर.डब्ल्यू.ए. के प्रतिनिधि, सिविल डिफेंस टीम, महामाया स्टेडियम के खिलाड़ी और पार्टी कार्यकर्ता समूहों में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाते रहे। मार्च के दौरान मार्गभर लोगों में देशभक्ति का उत्साह और ऊर्जा स्पष्ट दिखाई दी। मार्च शहीद पथ, नवयुग मार्केट से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए स्वदेशी चौक, प्रताप विहार पर संपन्न हुआ। यात्रा के दौरान स्थानीय व्यापारिक संगठनों और समाजसेवियों ने पुष्पवर्षा कर प्रतिभागियों का स्वागत किया।

प्रमुख उपस्थितियां :कार्यक्रम में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप, सांसद अतुल गर्ग, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, पूर्व मेयर आशा शर्मा, पूर्व मेयर आशु वर्मा, पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम, मानसिंह गोस्वामी, पवन गोयल, बलदेव राज शर्मा, बालेश्वर त्यागी, संयोजक संजयकांत, सहसंयोजक मनोज यादव, एस.पी. सिंह, करनाल टी.पी. त्यागी, शहर मंडल अध्यक्ष महिमा गुप्ता, क्रॉसिंग मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, विजयनगर मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा, गांधीनगर मंडल अध्यक्ष वरुण नागर, प्रताप विहार मंडल अध्यक्ष हेमराज माहौर, कई पार्षद तथा क्षेत्र के सम्मानित नागरिक मौजूद रहे। विधायक ने व्यक्त किया आभार : मार्च के समापन पर शहर विधायक संजीव शर्मा ने सभी प्रतिभागियों, सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में एकता, जागरूकता और राष्ट्रीय भावना को नई शक्ति मिलती है।

# गाजियाबाद में आरएलडी का शहरी विस्तार तेज

## इंद्रजीत सिंह टीटू को मिली अहम जिम्मेदारी




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राष्ट्रीय लोक दल ने उत्तर प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अर्बन कमेटी के लिए पांच प्रतिनिधियों का चयन किया है। इनमें गाजियाबाद से सिख समाज के वरिष्ठ नेता इंद्रजीत सिंह टीटू को अहम जिम्मेदारी दी गई है। इंद्रजीत सिंह टीटू ने बताया कि यह विश्वास राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत द्वारा शहरी क्षेत्रों में आरएलडी को नई गति देने की रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से यह कहा जाता रहा है कि राष्ट्रीय लोक दल केवल ग्रामीण इलाकों में ही प्रभावी है, लेकिन अब इस मिथक को तोड़ा जाएगा और शहरों में भी पार्टी को मजबूत उपस्थिति दिलाई जाएगी।

टीटू ने कहा कि वह स्वयं गाजियाबाद में जन्मे हैं, व्यापारी परिवार से आते हैं और पंजाबी समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। आरएलडी की विशेषता यह रही है कि चौधरी चरण सिंह से लेकर चौधरी अजित सिंह और अब चौधरी जयंत तक—पार्टी ने हमेशा हर समाज और हर वर्ग को सम्मान दिया है। उनका चयन भी इसी विचारधारा का उदाहरण है।

उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन शुरू कर दिया है और मुजफ्फरनगर, अलीगढ़, अमरोहा, गाजियाबाद, नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्रों में समाज के विभिन्न वर्गों से संपर्क का अभियान जारी है। जो लोग फ्छऊ की नीतियों में विश्वास रखते हैं, उन्हें संगठन में उनकी योग्यता और इच्छा के अनुसार जिम्मेदारियां दी जाएंगी।

आगामी पंचायत चुनावों को लेकर भी टीटू सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि समाज के हित में काम करने वाले योग्य लोगों को टिकट दिलाकर चुनाव जीताने की दिशा में तैयारी की जा रही है। अंत में टीटू ने कहा कि उन पर जताए गए विश्वास को वह किसी भी परिस्थिति में टूटने नहीं देंगे और आने वाले समय में हर जाति और हर धर्म के लोगों के घर-घर जाकर शहरी क्षेत्रों में फ्छऊको नई मजबूती देंगे।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर श्रम विभाग का अभियान

## गाजियाबाद में 1 बाल श्रमिक और 19 किशोर श्रमिक चिन्हित, 20 सेवायोजकों पर कार्रवाई




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बाल श्रम को रोकने और किशोर श्रमिकों की पहचान के लिए जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ के निर्देश पर श्रम विभाग ने बुधवार और गुरुवार को विशेष अभियान चलाया। यह अभियान उप श्रम आयुक्त अनुराग मिश्र के नेतृत्व में श्रम प्रवर्तन अधिकारियों—हंसराज, जितेंद्र सिंह, विनोद कुमार शमां और रीना—की संयुक्त टीम द्वारा प्रताप विहार, विजय नगर, अंबेडकर रोड, सर्वोदय सहित कई क्षेत्रों में संचालित किया गया। अभियान के दौरान 1 बाल श्रमिक को जीटी रोड स्थित मैसर्स सुप्रीम टायर वर्ल्ड से मुक्त कराया गया, जबकि 19 किशोर श्रमिक विभिन्न दुकानों और प्रतिष्ठानों से चिन्हित किए गए।

श्रम विभाग ने इन 20 मामलों में संबंधित सेवायोजकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की है। कार्रवाई जिन प्रतिष्ठानों पर की गई, उनमें शामिल हैं—1 टायर की दुकान, 3 कपड़ों की दुकानें, 2 परचून/जनरल स्टोर, 6 खाने-पीने की दुकानें, 2 फर्नीचर दुकानें, 4 मोटर वर्कशॉप, 1 इलेक्ट्रॉनिक दुकान, 1 सर्राफा दुकान।

उप श्रम आयुक्त ने बताया कि आगे भी ऐसे अभियान और बड़े स्तर पर चलाए जाएंगे ताकि जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाया जा सके और बाल श्रम की कुप्रथा पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

# वायु प्रदूषण नियंत्रण पर निर्णायक कार्रवाई, जीडीए उपाध्यक्ष का कठोर रुख

## ग्रेप-3 एवं एनजीटी नियमों के तहत सख्त कदम, 5 लाख का जुर्माना भी लगाया गया

- योजनाओं में विशेष रूप से पानी के छिड़काव, कंस्ट्रक्शन साइट पर ग्रीन नेट व सामग्रियों को ढंककर रखने के निर्देश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने केंद्र, राज्य एवं एनसीआर प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित सभी मानकों—एनजीटी दिशानिर्देश, सीपीसीबी/डीपीसीसी नियम तथा ग्रेप-3 प्रोटोकॉल—के तहत त्वरित और कड़े कदम उठाए हैं। वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुँचने पर ग्रेप-3 के अंतर्गत निर्माण-ध्वस्तीकरण गतिविधियों पर रोक, धूल नियंत्रण उपायों का अनिवार्य पालन तथा उल्लंघन पर भारी जुमार्ने का प्रावधान लागू होता है।

इन सरकारी प्रावधानों के अनुपालन के तहत, राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में कई निजी बिल्डर साइटों पर एंटी-स्मॉग गन न चलने, निर्माण सामग्री खुले में मिलने, तथा अन्य गाइडलाइनों के उल्लंघन पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उपाध्यक्ष महोदय ने चेतावनी दी कि किसी भी निर्माण स्थल पर दोबारा उल्लंघन पाए जाने पर एनजीटी अधिनियम के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई, चालान और आवश्यकता पड़ने पर FIR भी की जाएगी।

सरकार द्वारा निर्धारित C&D Waste Management Rules, 2016 के अनुसार निर्माण स्थलों पर बाड़ाबंदी, पानी का छिड़काव, धूल रोधी नेट, एंटी-स्मॉग गन और मैकेनिकल स्वीपिंग अनिवार्य है। GRAP-3 के वर्तमान चरण के तहत सभी निर्माण गतिविधियाँ अगले आदेश तक बंद रखने का निर्देश जारी किया गया है। DPCC मानकों के अनुसार प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों, खुले में निर्माण सामग्री रखने तथा सड़क पर कचरा या C&D वेस्ट फैलाने पर 10,000 से 5 लाख रुपये तक का दंड निर्धारित है।

प्राधिकरण द्वारा नगर क्षेत्र में व्यापक स्तर पर धूल-मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। आधुनिक मशीनों से सड़कों पर सुबह और रात दोनों समय पानी का छिड़काव किया जा रहा है, जिसमें मधुबन बापूधाम योजना की समस्त सड़के, राजनगर एक्स्टेंशन की समस्त आंतरिक सड़के व अन्य क्षेत्र शामिल है। पेड़-पौधों पर जमा धूल हटाने, आवश्यक कटिंग कराने, सड़क किनारों की पटरियों की सफाई तथा धूल हटाने का विशेष कार्य किया गया। अभियंत्रण अनुभाग की टीमों ने सड़कों को C&D वेस्ट से मुक्त करने के साथ-साथ अवैध रूप से सड़क किनारे निर्माण पर रोक लगाई गयी है।

अधिकारियों ने स्वयं स्थल पर मौजूद रहकर मॉनिटरिंग तेज की और धूल नियंत्रण कार्यों की प्रत्यक्ष समीक्षा की। उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने आवंटियों, सोसाइटी के निवासियों और निजी विकासकताओं से अपील की है कि वे वायु प्रदूषण नियंत्रण में सक्रिय सहयोग करें—जिसमें निर्माण गतिविधियाँ रोकना, धूल नियंत्रण, पौधों की धुलाई, खुले में कचरा जलाने पर रोक, तथा सोसाइटी परिसर में धूल उड़ाने वाली गतिविधियों को नियंत्रित करना शामिल है।

# छात्रवृत्ति में शिथिलता पर संस्थाओं को चेतावनी

**छात्रवृत्ति योजना की नियमित समीक्षा में बरती जा रही है लापरवाही : साहित्य निकष सिंह**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी साहित्य निकष सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा छात्रवृत्ति योजना की नियमित समीक्षा के निर्देशों के बावजूद कई उच्च शिक्षा संस्थानों और एफिलिएटिंग एजेंसियों द्वारा प्रोफाइल लॉकिंग और डाटा अग्रसारण में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है।

जहाँ प्रदेश के अन्य जनपदों में डाटा अग्रसारण का प्रतिशत 20-55% है, वहीं गाजियाबाद में यह केवल 1.43% है, जिससे छात्रों के छात्रवृत्ति से वंचित होने की आशंका बढ़ गई है।

अधिकारियों ने निर्देश दिया कि सभी संस्थाएँ तुरंत अपनी प्रोफाइल लॉक करें, एफिलिएटिंग एजेंसी और क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी से समन्वय स्थापित करें तथा लंबित सभी आवेदनों का नियमानुसार अग्रसारण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि संस्थाओं की लापरवाही से जनपद की रैंकिंग प्रभावित हुई या कोई छात्र छात्रवृत्ति से वंचित हुआ, तो संबंधित संस्थाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**जनपद में 1102 छात्र/छात्राओं के रजिस्ट्रेशन के सापेक्ष—**
- केवल 627 का फाइनल सबमिशन किया गया है।
- मात्र 08 का डाटा फारवर्ड हुआ है।
- जबकि 618 आवेदन संस्थाओं के लॉगिन पर लंबित पड़े हैं।

# मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना में पात्र पशुपालकों के लिए आवेदन शुरू

## गाजियाबाद में चयनित 12 पशुपालकों को मिलेगा उत्पादन आधारित प्रोत्साहन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद गाजियाबाद के 12 पशुपालक चयनित किए गए हैं।

योजना का उद्देश्य स्थानीय दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहित करते हुए उत्पादन बढ़ाना है। योजना के तहत विदेशी नस्ल की गाएं—साहिवाल, थारपारकर, गिर, दनवारू आदि—के लिए निर्धारित मानदंडों के अनुसार प्रोत्साहन दिया जाएगा।
- 8 लीटर प्रतिदिन से अधिक दूध उत्पादन पर गाय-प्रति 10,000 रुपये
- 12 लीटर प्रतिदिन से अधिक दूध उत्पादन पर गाय-प्रति 15,000 रुपये प्रदान किए जाएंगे।

पशुपालक को एक वर्ष के भीतर जीवनकाल की एक बार प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यह राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि आवेदनकर्ता की गाय प्रथम, द्वितीय या तृतीय व्यात की होनी चाहिए और जन्म के 45 दिन के भीतर कान नंबर दर्ज होना अनिवार्य है।

साथ ही गोजातक का क्रियाशील बीमा होना भी अनिवार्य रखा गया है। पात्रता के आधार पर चयनित पशुपालकों की सूची ग्राम पंचायत अधिकारियों और विकास अधिकारियों के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जाएगी।

**ऑनलाइन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेज**

योजना के लिए आवेदन नंद बाबा दुग्ध मिशन की वेबसाइट nandbabadugdhmission.up.gov.in पर उपलब्ध कराए गए हैं। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्य रूप से संलग्न करने होंगे—
(1) पशुपालक का आधार कार्ड, (2) बैंक पासबुक, (3) परिवार का पहचान पत्र, (4) गोजातक का बीमा विवरण, (5) पूरी गाय का स्पष्ट फोटो (जिसमें ईयर-टैग दिखाई दे), (6) नोटरी शपथ पत्र।
यदि पात्र पशुपालक को जन्म के 45 दिन के भीतर गाय का ईयर-टैग उपलब्ध नहीं कराया गया है, तो प्रोत्साहन का लाभ नहीं मिलेगा। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एस.पी. पांडेय ने पशुपालकों से अपील की कि वे समय से पंजीकरण कराकर योजना का लाभ अवश्य उठाएँ।

# पुलिस ने 846 किलो से अधिक मादक पदार्थों का किया विनष्टीकरण, कीमत 4.29 करोड़ रुपए



**नोएडा,।** गौतमबुद्धनगर में विभिन्न थानों पर पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट के अभियोगों से संबंधित 842.866 किलोग्राम गांजा, 510 ग्राम डोडा, 2.925 किलोग्राम चरस, 8.27 मिली ग्राम एमडीएमए व अन्य मादक पदार्थ जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 4 करोड़ 29 लाख 30 हजार 470 रुपए है, उसका आज गौतम बुद्ध नगर पुलिस द्वारा विनष्टीकरण / डिस्पोजल कराया गया।

अपर पुलिस उपायुक्त शैव्या गोयल ने गुरुवार को बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के पारित आदेश के अनुपालन में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानों पर पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट के अभियोगों से संबंधित मादक पदार्थों के नियमानुसार विनष्टीकरण/डिस्पोजल आज किया गया। उन्होंने बताया कि इसके तहत कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के 7 थानों पर पंजीकृत कुल 149 अभियोगों से सम्बंधित कुल 846.3091 किलोग्राम नशीले पदार्थों, जिसमें 842.866 किलोग्राम गांजा (कुल अनुमानित कीमत लगभग 4 करोड़ 21 लाख 43 हजार 300 रुपए), 510 ग्राम डोडा (कुल अनुमानित कीमत लगभग 7 हजार 650 रुपए), 02.925 किलोग्राम चरस (कुल अनुमानित कीमत लगभग 7 लाख 31 हजार 250 रुपए), 8.27 मिली0 एमडीएमए (कुल अनुमानित कीमत लगभग 8 हजार 270 रुपए) व 100 गोलियाँ डायजापाम (कुल अनुमानित कीमत लगभग 40 हजार रुपए) का निस्तारण अधिकृत एजेंसी के माध्यम से कराया गया।

# नोएडा में दो किशोरियां लापता, परिजनों ने अज्ञात युवकों पर अपहरण का जताया शक

**नोएडा।** नोएडा में रहने वाली दो किशोरियां अपने-अपने घरों से लापता हो गई है। पीड़ित परिजनों ने अज्ञात युवकों पर अपनी बेटी को बहला फुसलाकर अगवा करने का शक जाहिर करते हुए थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ितों की शिकायत पर थाना फेस-3 और थाना सेक्टर-39 पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के साथ टीम गठित दोनों किशोरी की तलाश कर रही है।

थाना फेस-3 के प्रभारी निरीक्षक पुनीत कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मामूरा गांव के गली नंबर-3 में रहता है। पीड़ित के अनुसार उसकी 15 वर्षीय बेटी 17 नवंबर से घर से लापता है। पीड़ित के अनुसार उन्होंने अपनी बेटी को काफी खोजा लेकिन उसका पता नहीं चला। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित के अनुसार उसकी बेटी एक स्कूल से पढ़ती है, तथा वह कक्षा 11वीं की छात्रा है। उन्होंने बताया कि पीड़ित ने अज्ञात युवक पर अपनी बेटी को बहला फुसलाकर अगवा करने का शक जाहिर किया है। पुलिस किशोरी की तलाश कर रही है।

वहीं थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सदरपुर कॉलोनी में रहने वाले एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी 17 वर्षीय बहन 15 नवंबर से घर से लापता है। पीड़ित के अनुसार उसने अपनी बहन को काफी ढूंढा, लेकिन वह नहीं मिली। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उसकी बहन को चंद्र किशोर पुत्र रमेश निवासी जनपद हाथरस बहला फुसलाकर अगवा कर ले गया है।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सोचा था नदिया पार के भगवा मैम्बर ने पूरी राय के साथ? जिस मिठाई वाले की वो शिकायत करेंगे वो दिखायेगी असर? मगर यहां तो दांव उल्टा पड़ गया? तीर मैम्बर साहब की ओर मुड़ गया? अतिक्रमण तो हटा नहीं? अग्रवाल जी की सिफारिश में लखनऊ से लेकर संगठन वालों के आ गये पार्षद जी के पास फोन? सामने से आवाज आयी, उनके विरूद्ध कुछ नहीं करना? आखिर वो आपके हैं कौन?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लाइनपार एरिये का आजकल गजब का दिख रहा है नजारा? हम देख रहे हैं यहां के कई भगवा पार्षदों का थानेदारों को सलामी ठोके बिना नहीं हो रहा है गुजारा? अगर आप डालोगे पिछले दिनों के कुछ घटनाक्रमों पर नजर? देखोगे सलामी कोतवाली से लेकर विजयनगर तक ठोकी जा रही है? ठोकने वाले भी जी हजूरी में नहीं छोड़ रहे हैं कोई कसर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** विधायक संजीव शर्मा के रन फॉर मैराथन वाले कार्यक्रम की सफलता ने ये कर दिया सिद्ध? वो जनता में हैं काफी प्रसिद्ध? इस सिद्ध होने के साथ एक और बात हुई सिद्ध? जो एक दूसरे को अपना घोर एंटी मानकर चलते हैं? उन्होंने भी दिये एक साथ एक ही मंच पर अपने दीदार? यहां पर बात हम पाराशर जी की कर रहे हैं? दूसरा नाम आप समझ ही गये होगे? आखिर इतने तो हो आप समझदार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमने नदिया पार के चौधरी साहब के टटोले राजनीति के जज्बात? हमने कहा आपकी करारी मूंछ की तहर दिख नहीं रहा आजकल आपकी राजनीति का अंदाज? इस सवाल को सुनकर उन्होंने सुस्त किये अपने अल्फाज? कहा अब हमने खुद को कर लिया है राजनीति से दूर? सच बतायें अब तो शून्य होने में ही मजा आ रहा है भरपूर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बात कुछ ऐसी है कि इसके संदेश को समझ जाना? सामान्य मत लेना विधायक जी के यहां पर माननीय जी का आना? कहने वाले ने कहा अभी से हो गया है भविष्य का तोड़? समय से पहले जुड़ गया है ये मजबूत वाला जोड़? इस जोड़ से जरूर कुछ चेहरे हुए होंगे हैरान? राजनीति में अक्सर होते हैं चमत्कार? गुरुवार को भी कुछ ऐसा ही हुआ था श्रीमान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें भगवा पहलवान की पसंद आती है एक बात? वो संबंधों के बीच में सत्ता को नहीं लाते हैं साहब? कुछ ऐसा ही किया हमने उस वक्त दीदार? जब अपने परिवार के फंक्शन में से समय निकालकर उन्होंने पूर्व विधायक की बिटिया को आशीर्वाद दिया जोरदार? करा दिया इस बात का अहसास? हम संबंधों को निभाते हैं? पक्ष और विपक्ष की राजनीति तो बाद की है बात?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सिसौदिया जी के आयोजन में देखते ही बन रहा था भीड़ का तराना? यूं तो इस कार्यक्रम में काफी बड़े चेहरे आये? आयोजन में था राणा जी को भी आना? हमने देखा राणा जी के इंतजार में शिप्रा वाले पिंटू भईया और डॉक्टर तोमर ने नहीं छोड़ा गेट? वो डटे रहे तब तक जब तक राणा जी होते रहे लेट? कहने वाले ने कहा एक घंटे तक किया दोनों ने उनका इंतजार? कहने वाले ने कहा अब आप इसे कुछ भी समझो? मगर हमारी भाषा में इसको कहते हैं प्यार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमारी थी एक शादी के कार्यक्रम पर नजर? इस कार्यक्रम को देखकर हमें हुई कुछ फिक्र? हमने देखा कभी साथ चलने वाले टी कंपनी के तीनों ठाकुरों ने यहां पर दिये अलग अलग दीदार? जो कभी एक ही साथ एक ही कार में बैठकर चलते थे? इस बार तीनों थे अलग अलग कार में सवार? कहने वाले ने कहा, अब आप कुछ भी समझो मगर ये नजारे बता रहे हैं टी सीरीज के बीच में आ गयी है दरार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम हुए उस वक्त हैरान जब मंच से नहीं लिया योद्धा ने कमान्डर का नाम? हमने सोचा कि हो सकता है कि आनन फानन में हो गया हो ऐसा श्रीमान? मगर जब हमने किये फेसबुक वाली उनके पोस्ट के दीदार? तब हमारा और मजबूत हुआ ये वाला विचार? पोस्ट वाली फोटो में भी नहीं हो रहे थे हमको कमान्डर के दर्शन? मौहब्बत अपनी जगह है, मगर कई जगह जरूरी होता है घर्षण?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भाजपा के वरिष्ठ नेता बलदेवराज शर्मा ने बनाया हुआ है माननीय जी के परिवार में अपना विशेष स्थान? हमने इस स्थान के महत्व को तब जाना? जब माननीय जी का हुआ विधायक जी के कार्यक्रम में आना? हमने देखा माननीय जी ने लगभग तीन मिनट जाना बलदेव जी का हाल? कहने वाले ने कहा इतने अल्प समय में इतना समय देना अपने आप में है बेमिसाल? सही में बलदेव जी ने इस प्यार को कमाया है? वो भी हैं राजनीति में एक मिसाल

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**